तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 19.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026

### फंड जारी नहीं होने से जीर्णोद्धार-मरम्मत का कार्य अटका

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जर्जर और मरम्मत के योग्य हो चुके आंगनबाड़ी केंद्रों के जीर्णोद्धार और मरम्मत करने के लिए भवनों की सूची बनाकर प्रस्ताव बना लिया गया है। सूत्र के अनुसार इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए संचालनालय भी भेजा गया है, लेकिन फंड नहीं होने के कारण जीर्णोद्धार और मरम्मत का कार्य भी अटका हुआ है।

# 96 आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर, बच्चों-गर्भवती महिलाओं पर खतरा, 560 केंद्रों में भी मरम्मत की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश की राजधानी रायपुर जिले में सामुदायिक भवनों में संचालित 96 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के साथ केंद्रों में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर हर दिन जान का खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि ये सभी केंद्र जर्जर हो चुके हैं। विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार जिले में 1894 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिनमें स्वयं के भवनों में संचालित हो रहे 1477 केंद्रों में से 96 बुरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। सूत्रों के अनुसार इन सभी भवनों का निर्माण हुए दस वर्ष से अधिक समय हो चुका है। इसके कारण इन केंद्रों की छत एवं दीवारों में दरारें पड़ने के साथ जर्जर हो चुकी हैं। इसके अलावा 560 ▶▶| शेष पेज 13 पर

### 477 आंगनबाड़ी किराए के भवनों में संचालित

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में 477 किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं। किराए के भवनों की हालत ठीक है, लेकिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक केंद्रों में संचालित भवनों में लगभग साढ़े छह सौ भवनों की हालत ठीक नहीं है। इनमें से 96 भवन तो बुरी तरह से जर्जर हो चुके हैं, जिनका ▶▶| शेष पेज 13 पर

### फंड जारी नहीं होने के कारण जीर्णोद्धार एवं मरम्मत के कार्य अटके






### सूची बनाई गई है

*96 भवन जर्जर एवं 560 में मरम्मत की आवश्यकता है। इसकी सूची बनाई गई है।*

*- शैल ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग*

### शौचालय की स्थिति खराब

*स्वयं के भवनों में संचालित कई आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों का बहुत बुरा हाल है। इनमें आंगनबाड़ी सेजबहार क्रमांक-1 भवन में बना शौचालय में अस्थाई टीन का दरवाजा लगा दिया गया है, वहीं परिसर में भी साफ-सफाई का अभाव है। बारिश के दिनों में परिसर के साथ शौचालय में जलभराव की स्थिति बनती है, वहीं भवन के अंदर जाने का रास्ता छोड़कर अन्य हिस्सा भी झाड़ियों से पटा हुआ है, जिसके कारण यहां सर्प, बिच्छू जैसे जीव का खतरा बच्चों सहित अन्य लोगों पर मंडराता रहता है।*

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है।

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

**यह दुख खत्म क्यों नहीं होता...** | काम अब तक शुरू नहीं, जनता परेशान

*महापौर की नाराजगी पर ईई ने ठेकेदार को नोटिस जारी कर काम शुरू करने 3 दिन का दिया था समय*

# भाठागांव-दतरेंगा मार्ग अधूरा, नोटिस की अनदेखी मेयर ने कहा- अब भारी पेनाल्टी लगाएंगे, सख्ती भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भाठागांव चौक से दतरेंगा मोड़ तक 1.20 किलोमीटर दायरे की सड़क 11 महीने बीतने के बाद भी आधी अधूरी बन पाई है। सड़क पर जगह-जगह खुदाई होने और डामरीकरण का काम अब तक शुरू नहीं होने से धूल और मिट्टी के गुबार से लोग बेहद परेशान हैं। लोगों के घरों और दुकानों के सामने वाली सड़क उबड़= खाबड़ होने से दुघर्टना होने का अंदेशा बना रहता है। महापौर मीनल चौबे की नाराजगी और जोन के कार्यपालन अभियंता के नोटिस का ठेकेदार पर कोई असर पड़ता नहीं दिख रहा। महापौर की नाराजगी के बाद कार्यपालन अभियंता ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर 3 दिन में अनिवार्य रूप से सड़क डामरीकरण प्रारंभ कराने हिदायत दी, लेकिन नोटिस की मियाद खत्म होने के बाद भी काम शुरू नहीं होने से लोगों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रहा है।





दरअसल, 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत भाठागांव चौक से दंतरेंगा मोड़ तक सड़क निर्माण में भारी देर को लेकर आसपास के रहवासी सहित स्थानीय व्यापारी नाराज हैं। उन्होंने जोन 6 आयुक्त सहित महापौर मीनल चौबे को अपनी परेशानी ▶▶| शेष पेज 13 पर

### पेनाल्टी लगाएंगे

भाठागांव से दंतरेंगा मोड़ तक सड़क निर्माण के कार्य में भारी लेटलतीफी हो रही है। मैंने फटकार भी लगाई, ठेकेदार को जोन के माध्यम से सड़क निर्माण कार्य 3 दिन में प्रारंभ कराने नोटिस जारी किया, अब निर्माण कार्य में देर बर्दास्त नहीं करेंगे। अनुबंधित ठेकेदार पर नियम अनुसार पेनाल्टी लगाई जाएगी।

**- मीनल चौबे,** महापौर, रायपुर नगर निगम

### भाठागांव चौक पर सुबह से देर शाम तक ट्रैफिक जाम, जनता नाखुश

भाठागांव रिंग रोड चौक से शीतला चौक दतरेंगा मोड़ तक नगर निगम द्वारा लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने सड़क डामरीकरण, दोनों ओर नाली निर्माण, डिवाइडर बनाने और स्ट्रीट लाइट संबंधी कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है। सड़क निर्माण का काम इतना धीमा है कि 1 साल में बनने वाली सड़क 11 माह बीतने के बाद भी आधी अधूरी बन पाई है। लोगों के घरों व दुकानों के सामने वाली सड़क खुदाई कर छोड़ देने से दोपहिया, तिपहिया, ▶▶| शेष पेज 13 पर

# रायपुर के युवक की लाश जमीन में दफनाई, हाथ-पैर बाहर निकलने पर हुआ खुलासा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/अभनपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र में युवक की हत्या कर लाश जमीन में गाड़ने का मामला सामने आया है। जमीन के बाहर युवक के हाथ तथा पैर बाहर निकलने पर लोगों को जमीन में लाश गड़ी होने की जानकारी मिली। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस, फोरेंसिक एक्सपर्ट के साथ डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर जांच करने पहुंची। मृतक की शिनाख्त ▶▶| शेष पेज 13 पर

- **अभनपुर थाना क्षेत्र के भरेंगा भाठा पाटन रोड के पास खार में लाश को दफनाया**

### हत्या के कारणों का नहीं चला पता

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की हत्या किसने और क्यों की। पुलिस, मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है और उसके संपर्कों, गतिविधियों व संभावित विवादों की जानकारी जुटा रही है। मौके से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम ने नमूने एकत्र किए हैं, वहीं डॉग स्क्वाड की मदद से आसपास के ▶▶| शेष पेज 13 पर






# शराब एक अप्रैल से कांच की जगह प्लास्टिक की बोतल में बिकेगी, कीमत में भी बदलाव की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की शासकीय शराब दुकानों में एक अप्रैल से नई व्यवस्था लागू होने जा रही है। शराब कांच की बंद बोतल की जगह प्लास्टिक बंद बोतल में बिकेगी। इस नई व्यवस्था के लागू होने से शराब की कीमत में भी आंशिक बदलाव आने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे शराब की कीमतों में मामूली गिरावट भी आ सकती है, क्योंकि प्लास्टिक की तुलना में कांच बोतल की कीमत दोगुनी से अधिक है। सूत्रों की मानें, तो शराब बनाने वाली कंपनियों को कांच की एक बोतल तैयार कराने में जितनी लागत आती है, उसी लागत में प्लास्टिक की दो या उससे अधिक बोतल तैयार हो जाएगी। इससे कंपनियों को बोतल तैयार कराने में भारी बचत होगी। हालांकि इस बचत के एवज में कंपनियों को शराब की कीमतों से समझौता भी करना पड़ सकता है। प्लास्टिक बोतल के कारण शराब की कीमत घटाई जा सकती है, जिससे शराबियों को भी कम कीमत में शराब मिलेगी।



## स्टॉक खत्म होने तक बिकेगी कांच बोतल वाली शराब

छत्तीसगढ़ कैबिनेट ने आबकारी नीति में बदलाव करते हुए शराब कांच की बोतल की जगह प्लास्टिक की बोतल में बेचे जाने का निर्णय लिया है। यह नियम वित्तीय वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल से लागू होने जा रहा है। इस नियम के तहत सभी शासकीय शराब दुकानों में एक अप्रैल से प्लास्टिक बोतल में शराब बेची जानी है। सूत्रों की मानें, तो यह नई व्यवस्था जरूर एक अप्रैल से की गई है, लेकिन इस दौरान तक प्रदेश के वेयर हाउस और दुकानों में कांच की शराब बोतलों का रखा स्टॉक खत्म होने की उम्मीद बहुत कम है। इसे देखते हुए यह संभावना भी बनी हुई है कि विभाग स्टॉक खत्म होने तक दुकानों में कांच की बोतल शराब की भी बिक्री कराएगा। बचा हुआ पूरा स्टॉक खत्म होने के बाद ही कांच की बोतल पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाएगा।

## एक से दो महीने बाद ही पूर्ण रूप से लागू होने की संभावना

आबकारी नीति में किए गए बदलाव के तहत एक अप्रैल 2026 से प्रदेश में प्लास्टिक बोतल शराब की बिक्री का नियम लागू होना है, लेकिन यह नियम तभी पूर्ण रूप से लागू हो पाएगा, जब शराब बनाने वाली कंपनियां कांच की जगह प्लास्टिक शराब बोतल बनाने का काम शुरू करेंगी। हालांकि अभी तक कितनी कंपनियों ने प्लास्टिक बोतल में शराब बनाने का काम शुरू किया है। इस संबंध में आबकारी विभाग के अधिकारी भी जवाब नहीं दे पा रहे हैं। एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर यह जरूर बताया कि सरकार ने जब आबकारी नीति में बदलाव किया है, तो कंपनियों के साथ भी बातचीत हुई होगी। उन्होंने कहा कि कंपनियों को कांच की जगह प्लास्टिक की बोतल में शराब पैक कराना है, इसके लिए उन्हें फैक्ट्री का सेटअप भी चेंज करना होगा, जिसमें समय लग सकता है, इसलिए नियम को पूर्ण रूप से लागू होने में एक-दो महीने का समय और लग सकता है।

## कीमत घटेगी या नहीं इसकी जानकारी नहीं

*कैबिनेट के फैसले के अनुसार एक अप्रैल से प्लास्टिक बोतल शराब बिक्री का नियम लागू होना है। नियम लागू होने के बाद कांच बोतल शराब का बचे स्टॉक को बेचा या फिर प्लास्टिक बोतल शराब में बदला जा सकता है। बोतल की कीमत घटेगी या नहीं, इस संबंध में संचालनालय से ही जानकारी मिलेगी।*

*- राजेश शर्मा, उपायुक्त आबकारी विभाग रायपुर*

---

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने अफीम खेती के मामले में सरकार से पूछे 6 सवाल



**रायपुर।** दुर्ग, बलरामपुर के बाद रायगढ़ के तमनार की अफीम की खेती के खुलासे के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार से 6 सवाल किया है। पहला सवाल अफीम की खेती शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के गृह जिले दुर्ग में, कृषि मंत्री राम विचार नेताम के गृह जिले बलरामपुर तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के गृह जिले रायगढ़ में होना क्या संयोग मात्र है या भाजपा सरकार का कृषि के क्षेत्र में नया प्रयोग? अफीम की खेती का खुलासा जनता ने किया है। जनता ने पुलिस से शिकायत की, पुलिस और राजस्व अमला क्या कर रहा था? अफीम की लहलहाती खेती 15 दिन, 1 महीने में तो तैयार नहीं हुई है, धान की फसल के दौरान जब पटवारी और राजस्व अमला गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कर रहे थे तो उन्हें कैसे पता नहीं चला कि खेतों में अफीम लगा हुआ है? अफीम की खेती के गिरदावरी में अन्य फसल तथा सब्जी कैसे लिखा गया? भाजपा ने विनायक ताम्रकार को पार्टी से क्यों नहीं निकाला? विनायक ताम्रकार को भाजपा क्यों बचाना चाहती है?

---

### बंगाल में पवन साय सहित दयालदास बघेल और विधायकों को भी जिम्मा

# बंगाल-असम में प्रदेश के भाजपा नेताओं ने संभाला मोर्चा, अब चुनाव तक रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असम और बंगाल में अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के कई भाजपा नेताओं को जिम्मेदारी मिली है। विधानसभा का सत्र चलने के कारण कई नेता नहीं जा पा रहे थे, लेकिन अब सत्र समाप्त होते ही जिन नेताओं को जहां की जिम्मेदारी मिली है, वे अब वहां चले गए हैं। अब ये नेता अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में चुनाव तक रहेंगे। प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल के साथ अनुसूचित जाति मोर्चा के संजय ढीढी सहित कई नेताओं को बंगाल भेजा गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेश के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव को जहां असम में 9 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को वहां पर दस विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू को भी कोकराझार लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। इसके अलावा दुर्ग के सांसद विजय बघेल को भी दस विधानसभाओं की कमान सौंपी गई है। इन नेताओं ने लगातार असम का दौरा किया है। विधानसभा के बजट के कारण वापस लौटे अरुण साव और ओपी चौधरी शनिवार को असम चले गए हैं। इसी के साथ तोखन साहू और विजय बघेल भी असम पहुंच गए हैं।

## असम में चार बड़े नेताओं को बड़ा जिम्मा





## बंगाल में प्रदेश के कई नेताओं को बड़ा जिम्मा

*भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय पर बड़ा भरोसा जताते हुए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया है। वे वहां का बीते साल दिसंबर से लगातार दौरा कर रहे हैं। इस समय वे वहां पर डटे हुए हैं। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत को दुर्गापुर लोकसभा की सात विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। इसी के साथ शिवरतन शर्मा, नीलू शर्मा, राजा पांडेय, जितेंद्र वर्मा, प्रीतपाल बेलचंदन, भूपेंद्र सवन्नी, जयंती पटेल सहित कई छोटे-बड़े नेताओं को भी बंगाल में जिम्मेदारी दी गई है। ये सारे नेता अब चुनाव होने तक वहां पर रहेंगे।*

---

# औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय का पदभार ग्रहण, योजनाओं से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा 21 मार्च सुबह 11 बजे बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला का पदभार ग्रहण समारोह राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर जीरो प्वाइंट रायपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला को बधाई देते हुए बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बोर्ड वर्तमान में औषधीय पौधों की खेती हेतु विशेष योजना चला रहा है, जिसके अंतर्गत धमतरी जिले में महानदी के किनारे खस की खेती महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से की जा रही है, जिन्हें फसल उत्पादन के पहले ही एडवांस 25 लाख विक्रेताओं द्वारा प्रदान किया गया, वहीं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में लेमनग्रॉस की खेती स्वसहायता समूहों के माध्यम से की जा रही है। बोर्ड द्वारा खेती में की जा रही नवाचार योजना के लिए राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार भी मिला है। इसके बाद कार्यक्रम में बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने हस्ताक्षर कर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह में मौजूद सभी लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम अध्यक्ष जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने बोर्ड के कार्यों की सराहना करते हुए सभी से यह बात साझा की कि दिसंबर माह में बोर्ड द्वारा किए गए संभागीय स्तर के वैद्य सम्मेलन में विभिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार करने वाले सैकड़ों वैद्यों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर में यदि कोई आदिवासी बीमार होता है, वह सबसे पहले वैद्यों के पास जाता है, जिसका उपचार वैद्य निशुल्क कर देते हैं। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने बोर्ड के चौथे उपाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करने की उन्हें बधाई दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वनमंत्री केदार कश्यप ने अपने उद्बोधन में बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में 60 लाख वर्ग किमी वनक्षेत्र है और पिछले कुछ वर्षों में वनक्षेत्रों में 683 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है, जो कि छत्तीसगढ़ के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।



## ये रहे शामिल

कार्यक्रम में गुरु बालदास साहेब, टंकराम वर्मा, इंद्रकुमार साहू, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, नन्दे साहू, संजय श्रीवास्तव, केदारनाथ गुप्ता, लोकेश कावड़िया, चंद्रहास चंद्राकर, अमरजीत छाबड़ा, अशोक बजाज, आलोक ठाकुर, अरविंद ठाकुर, श्याम नारंग, संतोष शुक्ला, रमेश ठाकुर, अमित साहू, उपकार चंद्राकर, शिवशंकर वर्मा, पिंटू साहू, सुरेंद्र पाटनी, तुषार चोपड़ा, गुरु सौरभ साहेब, स्वाति वर्मा, श्याम कुमार शुक्ला, किशोर साहू, मनोज वर्मा, आशु चंद्रवंशी, अशोक सिन्हा, सुनील शर्मा, चंद्रकांत साहू, किशोर साहू, हरिशंकर वर्मा, सोना वर्मा, गोपेश साहू, हितेंद्र तिवारी, उमा व्यास, मयंक यादव, हनुमंत आडिल, महेश यद्धु, रामकुमार बैस, नीरज चंद्राकर, भोजराम धीवर, दिलराज छाबड़ा, प्रमोद निषाद, शशिकांत साहू समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसीएस राव सहित कार्यालय के समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### इंटेकवेल में 20 मोटर 12 संचालन में, 8 आपात स्थिति के लिए सुरक्षित

रायपुर। नगर निगम के अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने शनिवार को नगर निगम के इंटेकवेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां स्थापित मोटर पंपों की क्षमता और संचालन के स्थिति की जानकारी जल विभाग के अधिकारियों से ली। इसके अलावा वहां स्थित सभी सब स्टेशन की प्रशासनिक व्यवस्था्ा का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंन्द्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। गर्मी के सीजन में शहर के जल आपूर्ति की व्यवस्था के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने नगर निगम भाठागांव स्थित इंटेकवेल का स्थित सागर, सरिता, नीर छीर, और खारुन पंप हाउस से रॉ वाटर पंपों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इंटेकवेल में 20 मोटर पंप उपलब्ध हैं, इनमें से 12 मोटर पंप वर्तमान में संचालित है, जबकि 8 मोटर पंप आपात स्थिति के लिए सुरक्षित रखे गए हैं।

### रक्त केंद्रों में गुणवत्ता आश्वासन पर कार्यशाला

रायपुर। "रक्त केंद्रों में गुणवत्ता आश्वासन" विषय पर तीन पूर्ण-दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन एम्स में किया गया। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग एवं नेशनल हेल्थ मिशन छत्तीसगढ़ तथा इंटरनेशल सोसायटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन के सहयोग इसका आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए चिकित्सा अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मचारियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रमुख सत्रों में गुणवत्ता शब्दावली, गुणवत्ता घटनाओं की रिपोर्टिंग, उपकरण रखरखाव, बाह्य गुणवत्ता आश्वासन योजना एवं दक्षता परीक्षण, वेस्टगार्ड नियमों की व्याख्या, दस्तावेजीकरण, इम्यूनोहेमेटोलॉजी गुणवत्ता नियंत्रण, डोनर स्क्रीनिंग, एफ़ेरेसिस मॉनिटरिंग, कंपोनेंट गुणवत्ता नियंत्रण तथा ट्रांसफ्यूजन से होने वाले संक्रमण की जांच शामिल रही। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया, नेटवर्किंग सत्र एवं समूह छायाचित्र के साथ हुआ, जो राज्य में गुणवत्ता-सुनिश्चित रक्त संक्रमण सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा रोगी सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल को दर्शाता है।

## निधन

### संतोष अग्रवाल



रायपुर। चौबे कॉलोनी निवासी संतोष अग्रवाल का 21 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 मार्च को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राजकुमार, प्रकाश, रमेश के बड़े भाई और सौरभ अग्रवाल, मयंक अग्रवाल के पिता थे।

# आउटर के नए इलाकों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन जल्द, रामकी ने मंगाई 11 नई गाड़ियां

## महोबाबाजार, मोवा और अमलीडीह स्थित 3 जोन के छूटे हुए रहवासी इलाकों पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का स्वास्थ्य महकमा आउटर के नए रहवासी इलाकों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन की सुविधा जल्द शुरू करेगा। इसके लिए निगम से अनुबंधित रामकी कंपनी ने 11 नई गाड़ियां मंगाई हैं। इससे न केवल शहर के आउटर वार्ड में सफाई का दायरा बढ़ेगा, साथ ही यूजर चार्ज के रूप में नगर निगम को अतिरिक्त आय मिलने लगेगी। सूत्रों के मुताबिक जोन 8, 9 और जोन 10 के छूटे हुए रहवासी इलाकों को इसमें शामिल किया जाएगा।

दरअसल, शहर के आउटर स्थित वार्डों में तेजी से हो रहे नए निर्माण और आवासीय कालोनियों में



### बैटरी चलित गाड़ियां, पूरी तरह पाल्यूशन फ्री

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के केन्द्रीय सर्वेक्षण से पहले शहर के सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी के सफाई बेड़े में 11 नई गाड़ियां जुड़ने जा रही हैं। इससे आने वाले दिनों में शहर के नए रूट पर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए आसानी होगी। रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार ने बताया कि ये सभी गाड़ियां ई व्हीकल के रूप में हैं, जिसमें न तो पेट्रोल या डीजल का झंझट रहेगा, न ही पर्यावरण प्रदूषण का पर्याय बनेंगी। बैटरी चलित सफाई वाहन के नंबर भी आ गए हैं। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर अगले सप्ताह से नई सफाई गाड़ियां शहर की सड़कों पर फर्राटे भरते नजर आएंगी।

नगर निगम डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था देने की तैयारी में है। शहर के 70 वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए वर्तमान में रामकी कंपनी के पास 258 सफाई वाहन उपलब्ध हैं। इसके अलावा 35 गाड़ियां रिजर्व के रूप में सुरक्षित रखी गई हैं। ठेका एजेंसी प्रतिदिन शहरभर से 575 मीट्रिक टन सूखा और गीला कचरा कलेक्शन कर सकरी स्थित लैंडफिल साइट पहुंचाती है। इसके अलावा नवा रायपुर से रोजाना 12 टन कूड़ा वहां की गाड़ियों में भरकर रामकी के पास पहुंच रहा है। आने वाले दिनों में आउटर इलाके से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किए जाने से शहरभर से निकलने वाले कूड़ा की मात्रा बढ़कर प्रतिदिन 600 मीट्रिक टन पहुंच सकती है।

# रायपुर-दुर्ग खारुन नदी ओवरब्रिज एक अप्रैल से आवागमन रहेगा बंद

## जाम से बचने दूसरे मार्ग से करना होगा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से दुर्ग और दुर्ग से रायपुर को जोड़ने वाले कुम्हारी टोल प्लाजा के पास ओवरब्रिज एक अप्रैल से आवागमन के लिए बंद रहेगा। इस ब्रिज पर मरम्मत का कार्य शुरू होने जा रहा है, जिसे पूरा होने में लगभग महीनेभर का समय लग सकता है, तब तक ब्रिज पर आवागमन भी बंद रहेगा। इस ब्रिज के बंद होने से जाम की स्थिति नहीं बने, इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने आम वाहन चालकों से दूसरे मार्ग का उपयोग करने की अपील की है।

- महीनेभर चलेगा ब्रिज की मरम्मत का कार्य

### इन मार्गों का करना होगा उपयोग

राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 53 दुर्ग रायपुर के कुम्हारी टोल खारुन नदी पर रायपुर-दुर्ग ब्रिज पर एक तारीख से आवागमन बंद होने से जाम की स्थिति निर्मित न हो तथा आवागमन सुचारू रूप से जारी रहे, इसके मद्देनजर रायपुर कमिश्नरेट ट्रैफिक से एडिशनल डीसीपी विवेक शुक्ला, यातायात एसीपी सतीश ठाकुर, सीमा अहिरवार एसडीओ एनएचएआई, थाना प्रभारी टाटीबंध, अमानाका, कुम्हारी तथा यातायात दुर्ग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से परिवर्तित मार्ग एवं प्रस्तावित रिपेयरिंग स्थल का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में पता चला कि बंद होने वाला ब्रिज दुर्ग और रायपुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इस ब्रिज पर हर दिन लगभग डेढ़ लाख छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन होता है। इन गाड़ियों के कारण दुर्ग और रायपुर दोनों तरफ लंबा जाम लग सकता है। इसे देखते हुए रायपुर और दुर्ग दोनों तरफ से आवागमन करने वाली गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से आवागमन कराए जाने का निर्णय लिया है।



### रायपुर से दुर्ग जाने वाले वाहन चालकों को इन मार्गों का करना होगा उपयोग

रायपुर से दुर्ग जाने वाले वाहन चालकों में कार एवं बाइक चालक चन्दनीडीह ग्राम से लेफ्ट होकर पुराना रपटा, पुल का प्रयोग कर कुम्हारी टोल तक जा सकेंगे। रायपुर से दुर्ग की ओर जाने वाले कार एवं दोपहिया वाहन चालक भटगांव से अमलेश्वर, मोतीपुर होकर भिलाई एवं दुर्ग जा सकेंगे।

### दुर्ग से रायपुर की ओर वाहन इन मार्गों से आएंगे

रायपुर एयरपोर्ट, नया रायपुर, मंत्रालय, पुलिस मुख्यालय, आरंग, अभनपुर की ओर आने वाले वाहन चालक सेलूद,पाटन, अभनपुर मार्ग का उपयोग करेंगे। इसी प्रकार दुर्ग, भिलाई, रिसाली, उतई से रायपुर आने वाले वाहन चालक सेलूद, फूंडा, जामगांव, मोतीपुर, अमलेश्वर से होकर रायपुर आने वाले मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। चरोदा, कुम्हारी, भिलाई-3 से रायपुर की ओर आने वाले वाहन चालक सिरसा गेट, मोतीपुर, अमलेश्वर से रायपुर मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। कुम्हारी, अहिवारा से रायपुर आने वाले वाहन चालक कुम्हारी, उरला, खमरिया, अमलेश्वर मार्ग का उपयोग करेंगे। कुम्हारी टोल से रायपुर की ओर आने वाले वाहन चालक कुम्हारी टोल प्लाजा से चन्दनीडीह तक वन वे मार्ग का उपयोग करेंगे।

### आवश्यक कार्य वाले अतिरिक्त समय लेकर आवागमन करें

पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें एयरपोर्ट, हास्पिटल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड जैसे किसी भी आवश्यक कार्य के लिए रायपुर-दुर्ग के बीच आवागमन करना हैं, तो वे घर से अतिरिक्त समय लेकर निकले तथा परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें। वाहन से अवागमन के दौरान परिवर्तित मार्ग पर कहीं भी ओवरटेक नहीं करें। इससे जाम की स्थिति बन सकती है।

# मार्किंग वाहन में विस्फोट, ड्राइवर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापार थाना क्षेत्र के देवपुरी में शनिवार को ड्राइवर की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। मार्किंग वाहन में आग लगने से जबरदस्त विस्फोट होकर आग की लपटें उठने लगीं। धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास का इलाका धमाके की आवाज से दहल गया। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती, मार्किंग वाहन पूरी तरह से जल चुका था। बताया जा रहा है, मार्किंग वाहन में जब आग लगी, वाहन में छह कर्मचारी सवार थे।

- आग लगने पर ड्राइवर ने खतरा भांपते हुए गाड़ी को सड़क से नीचे उतारा

जानकारी के मुताबिक देवपुरी के पास सड़क पर रोड मार्किंग का काम चल रहा था। इसी दौरान मशीन में अचानक आग लग गई। स्थिति को भांपते हुए ड्राइवर ने घबराने के बजाय तुरंत वाहन को भीड़ वाले इलाके से दूर ले जाकर सड़क से नीचे उतार दिया। जैसे ही वाहन सड़क से नीचे पहुंचा, कुछ ही क्षण बाद गाड़ी में जोरदार विस्फोट हो गया।

धमाका इतना तेज था कि आसपास का इलाका दहल उठा और काले धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। घटना के समय वाहन में कुल छह कर्मचारी सवार थे, लेकिन सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। यदि यह ब्लास्ट सड़क के बीच होता, तो बड़ा हादसा होने



की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रारंभिक जांच में ब्लास्ट का कारण तकनीकी खराबी या ज्वलनशील सामग्री को माना जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही विस्फोट के वास्तविक कारणों का पता चलेगा।

# सरकारी अस्पतालों में प्रोजेक्ट ग्रीन पालना अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्धता के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन द्वारा "प्रोजेक्ट ग्रीन पालना" अभियान को प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभिनव पहल के तहत शासकीय अस्पतालों में प्रसव उपरांत माताओं को फलदार पौधे भेंट स्वरूप दिए जा रहे हैं, ताकि एक नई ज़िंदिगी के आगमन के साथ एक नया वृक्ष भी धरती पर जन्म ले। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से अब तक सैंकड़ों पौधें का वितरण स्वास्थ्य केंद्र जिला अस्पतालों में आने वाली गर्भवती महिलाओं को प्रसव के बाद दिया जा चुका है। अधिकारियों के अनुसार यह प्रयास मातृत्व के साथ प्रकृति से जुड़ाव को भी बढ़ावा देता है।

प्रोजेक्ट ग्रीन पालना न सिर्फ नवजात के जीवन की शुरुआत को यादगार बनाता है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली और शुद्ध वातावरण की नींव भी रखता है।

# कांग्रेस के आरोप पर मुख्यमंत्री का पलटवार, भ्रष्टाचार करने वालों को नसीहत देने का अधिकार नहीं

रायपुर। बस्तर के बाद अब सरगुजा में हो रहे खेल आयोजन (सरगुजा ओलंपिक) को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष एक बार फिर आमने-सामने हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार गारंटी दे कि बस्तर जैसा घोटाला सरगुजा ओलंपिक में नहीं होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पर पलटवार करते हुए कहा, जिन्होंने पांच साल तक छत्तीसगढ़ को लूटा, वो हमें हमें नसीहत दें, यह शोभा नहीं देता।



छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संवाददाताओं से चर्चा में सरगुजा ओलंपिक को लेकर कहा, मार्च-अप्रैल की गर्मी में आयोजन कर सरकार युवाओं को सजा दे रही है। ऐसे खेल का आयोजन ठंड में किया जाता है। अभी प्रदेश में परीक्षाएं चल रही हैं, युवा कैसे शामिल होंगे?

### उन्हें हमारा कोई काम अच्छा नहीं लगता



वहीं सरगुजा ओलंपिक के शुभारंभ के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संवाददाताओं से चर्चा में बैज के बयान पर कहा, आयोजन में ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभागियों को मौका दिया है। आज सरगुजा ओलंपिक का शुभारंभ है। तीन दिनों का संभाग स्तरीय आयोजन है, इसके अलावा अंबिकापुर में कृषक सम्मेलन का आयोजन है। क्षेत्र भर के किसान कार्यक्रम में शामिल होंगे। कुदरगढ़ महोत्सव का भी आयोजन है। जिन्होंने जनता से मिले जनादेश के बाद भी अपने वादों को निभाया नहीं, प्रदेशवासियों को तो दूर, अपनों को भी न्याय नहीं दिला पाए, उन्हें हमारा कोई भी काम अच्छा नहीं लगता।

# मेटल पार्क के पास खाली प्लाट में कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला थाना के आद्योगिक क्षेत्र मेटल पार्क के एक खाली प्लाट में कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। कंकाल मिलने की घटना शनिवार की है।

- फोरेंसिक जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों का पता चलेगा

कंकाल की पहचान कपड़ों के आधार पर कर ली गई है। जिस व्यक्ति का कंकाल मिला है, कपड़ों के आधार पर मृतक के बेटे ने कंकाल को अपने पिता का बताया है।



मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम जांच करने पहुंची है। जिस व्यक्ति का कंकाल बताया जा रहा है, उसकी पुष्टि के लिए कंकाल की हड्डी का डीएनए सैंपल जांच करने लैब भेजा जाएगा। शुरुआती जांच और कपड़ों के आधार पर मृतक की पहचान दिलीप (उम्र करीब 45-50 वर्ष) के रूप में की गई है। दिलीप करीब एक महीने से लापता था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दिलीप तीन मार्च से घर से लापता था। परिजनों ने 14 मार्च को विधानसभा थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी वह एक बार घर से गायब हुआ था, लेकिन कुछ समय बाद खुद ही लौट आया था। इस बार लंबे समय तक कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजन चिंतित थे। घटना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव पूरी तरह गल चुका है और केवल हड्डियां ही बची हैं।

### सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही पुलिस

पूरे मामले की जांच करने दिलीप जिस दिन घर से गायब हुआ था, उस दिन के बाद से विधानसभा थाना क्षेत्र से लेकर मेटल पार्क जहां कंकाल मिला है, उस रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की पुलिस पड़ताल करने की बात कह रही है। इसके साथ ही दीलीप की जिन कारणों से हत्या की आशंका है, पुलिस उन सभी एंगल से जांच करने की बात कह रही है।

## बिजनेस साइट

### स्पीड स्कोडा शोरूम में नई 'कुशाक' का भव्य अनावरण, टेस्ट ड्राइव शुरू

रायपुर। चंदनडीह, टाटीबंध स्थित प्रतिष्ठित शोरूम 'स्पीड स्कोडा' ने अपनी अत्याधुनिक फीचर्स से लैस नई 'स्कोडा कुशाक' का भव्य अनावरण किया। आधुनिक फीचर्स और उन्नत तकनीक से लैस यह वाहन ग्राहकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना रहा। स्पीड स्कोडा रायपुर के सीईओ अरुण आचार्य और सेल्स मैनेजर जयवर्धन तिवारी ने संयुक्त रूप से कार की खूबियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नई कुशाक में गूगल जैमिनी आधारित एआई तकनीक दी गई है, जो वॉयस कमांड, स्मार्ट नेविगेशन और ड्राइविंग अनुभव को बेहतर बनाती है। सुरक्षा के लिहाज से इसे 5-स्टार रेटिंग प्राप्त है, जो इसे सेगमेंट में मजबूत विकल्प बनाती है। कार में पैनोरमिक सनरूफ, प्रीमियम लेदर इंटीरियर, वेंटिलेटेड सीट्स और एडवांस कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स शामिल हैं। कंपनी ने ग्राहकों के लिए 'सुपर केयर' पैकेज के तहत 4 साल की वारंटी और रोडसाइड असिस्टेंस पेश किया है। नई कुशाक अब शोरूम में टेस्ट ड्राइव के लिए उपलब्ध है।




### 96 आंगनबाड़ी केंद्र ....

आंगनबाड़ी केंद्रों में मरम्मत की आवश्यकता है। ***किराए में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के लिए बनेंगे नए भवन*** : किराए में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में ज्यादा से ज्यादा स्वयं के भवनों में संचालित हों, इसके लिए जिला स्तर पर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत जिन-जिन क्षेत्रों में किराए के भवन संचालित हैं, उन क्षेत्रों मे नए भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि की तलाश कर चिन्हांकित किया जा रहा है, ताकि वहां नए भवन का निर्माण किया जाए। इसके अलावा खाली पड़े या जर्जर हो चुके सामुदायिक केंद्रों को भी चिन्हांकित किया जा रहा, ताकि उन भवनों का जीर्णोद्धार कर वहां आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जा सके।

### 477 आंगनबाड़ी किराए ....

जीर्णोद्धार किया जाना है। इसके लिए जिला महिला एवं बाल विकास विभाग सर्वे कराकर प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भी भेज चुका है। इस प्रस्ताव में 560 आंगनबाड़ी केंद्रों में मरम्मत की आवश्यकता भी बताई गई है।

## पेज 11 के शेष ...

### भाठागांव-दतरेंगा मार्ग ....

से पूर्व में अवगत भी कराया। जन शिकायत के बाद महापौर मीनल चौबे ने सड़क निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क निर्माण में लेटलतीफी से वे बेहद नाराज हुईं। उन्होंने स्पॉट पर ही कहा कि सड़क डामरीकरण का काम शुरू नहीं होने से मार्ग में यातायात का भारी दबाव बना हुआ है। इससे न केवल परियोजना की प्रगति प्रभावित हो रही है, बल्कि रायपुर नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। हैरानी की बात ये है, नगर निगम से नोटिस मिलने के बाद भी ठेकेदार ने अब तक सड़क डामरीकरण का काम प्रारंभ नहीं कराया है।

### भाठागांव चौक पर ....

चारपहिया चालक, राहगीर सहित आसपास के दुकानदारों को खासी परेशानी हो रही है। हालत ये है कि सुबह से देर शाम तक घरों व दुकानों में धूल, मिट्टी की परत जम रही है। इस कारण कुछ दुकानदारों ने दुकान खोलना बंद कर दिया है। लोगों का कहना है, पहले यहां नाली बनाने सड़क खुदाई कर महीनाभर वैसे ही छोड़ दिया। नाली बनने के बाद बिजली का खंबा शिफ्ट करने दोबारा सड़क उधेड़ी। रोज यहां लाइट बंद हो रही है, पूरी सड़क का यही हाल है। स्थानीय निवासी राजा यादव का कहना है ठेकेदार पर नगर निगम का नियंत्रण नहीं रह गया। महापौर और जोन के अधिकारी के निर्देश का पालन नहीं हो रहा है। यही हाल रहा तो प्रभावित इलाके रहवासी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

### रायपुर के युवक ....

रायपुर, शदाणी दरबार निवासी नितेश बत्रा (25) के रूप में हुई है। मृतक थोक आनाज मंडी में आलू-प्याज की पार्किंग का काम देखता था। पुलिस के अनुसार नितेश की लाश भरेंगा भाठा, पाटन रोड के पास एक खार में शनिवार को गाड़े जाने की जानकारी मिली। मृतक की पहचान उसके हाथ में बने टैटू के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार नितेश के परिजनों ने 18 मार्च को माना थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि नितेश 16 मार्च को घर में किसी को बताए बगैर गायब हो गया है। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के तीन बाद खार में लाश मिली। परिजनों ने किसी पर हत्या करने का अब तक संदेह व्यक्त नहीं किया है। ***साक्ष्य छिपाने की मंशा से लाश दफनाने की आशंका*** : घटना स्थल पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को किसी भी प्रकार के संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि अज्ञात बदमाशों ने नितेश की किसी अन्य स्थान पर हत्या कर साक्ष्य छिपाने लाश सूनासान इलाके के खार में छिपा दी। हत्यारों ने महज दो से ढाई फीट गड्ढा कर लाश को गाड़ दिया था। इस वजह से लाश के हाथ तथा पैर गड्ढे से बाहर आ गए।

### हत्या के कारणों ....

क्षेत्र में सुराग तलाशे जा रहे हैं। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच लेन-देन, प्रेम प्रसंग तथा आपसी रंजिश के एंगल से कर रही है।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130













Contact to Add Your School - 7987119756

## मुस्लिम के अकीदतमंदों ने मांगी देश के लिए अमन चेन की दुआ

# ईद-उल-फितर पर ईदगाहों में पढ़ी नमाज गले मिलकर सबको दिया मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा




तिल्दा नेवरा में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। रमजान-उल-मुबारक के पाक महीने के रोजे पूरे होने के बाद मुस्लिम समाज ने यह त्योहार खुशी से मनाया। सुबह से ही शहर की दोनों मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह 'गुस्ल' (स्नान) कर ईदगाहों का रुख किया। हजारों नमाजियों ने ईदगाह और मस्जिदों में जमात के साथ विशेष नमाज अदा की। ईदगाह में मुख्य इमाम अनिश रजा ने अकीदतमंदों को ईद की विशेष नमाज अदा कराई। इस अवसर पर सभी ने देश में अमन, चैन और खुशहाली और आपसी सौहार्द के लिए दुआएं मांगीं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम रहे। इस दौरान ईदगाह में इमाम ने नमाजियों को संबोधित करते हुए एक विशेष तकरीर दी।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर फितरा (फितराना) और जकात देकर जरूरतमंदों के साथ खुशियां साझा की गईं।मुस्लिम समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे और सद्भावना का संदेश दिया। इस दौरान चारों ओर /"ईद मुबारक/" के नारे गूंजते रहे। इस दौरान सभी वर्गों के लोग एक साथ नजर आए, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश स्पष्ट रूप से दिखा।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत ईदगाहों और मस्जिदों में कड़े इंतजाम किए गए थे, ताकि नमाजियों को कोई असुविधा न हो।ईद-उल-फितर का यह पर्व खुशियों के साथ-साथ आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश लेकर आया। यह त्योहार सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। नमाज संपन्न होने के बाद घरों में दावतों का सिलसिला शुरू हो गया ।

ईद की तैयारियां एक सप्ताह पहले से ही शुरू हो गई थीं। मस्जिदों और ईदगाहों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट पहले ही पूरी कर ली गई थी। इससे एक दिन पहले शुक्रवार को भी मस्जिदों में नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई थी।हाजी नूर अहमद ने बतया की रमजान के 30 रोजों और विशेष इबादतों के समापन के बाद मनाया जाने वाला यह पर्व त्याग, संयम और दान का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, फितराना अदा किए बिना ईद की खुशी अधूरी मानी जाती है, इसलिए इस दिन जरूरतमंदों की मदद करने की परंपरा विशेष रूप से निभाई जाती है।



## नमाज में की मुल्क की खुशहाली तरक्की और अमन-चेन की दुआ

**धरसीवां।** क्षेत्र में आज ईद-उल-फितर का त्यौहार पूरे धार्मिक उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। सुन्नी हनफी मुस्लिम जमात धरसीवां के तत्वावधान में स्थानीय ईदगाह में ईद की विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल हुए। नमाज के दौरान ईदगाह का नजारा बेहद रूहानी था, जहाँ सफों में खड़े होकर लोगों ने एक साथ खुदा की इबादत की। नमाज संपन्न होने के बाद इमाम साहब ने खुतबा दिया और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शांति, एकता और आपसी भाईचारे का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि इस्लाम प्रेम और इंसानियत का धर्म है। इस विशेष अवसर पर मुल्क में खुशहाली, तरक्की और अमन-चैन कायम रहने के लिए सामूहिक दुआ मांगी गई।

### दान-पुण्य और सेवा की रही प्रधानता

ईद के इस मुबारक मौके पर 'जकात' और 'फितरा' की रस्म को भी पूरी शिद्दत के साथ निभाया गया। सक्षम लोगों ने अपनी आय का निर्धारित हिस्सा जरूरतमंदों और गरीबों में वितरित किया, ताकि समाज का हर वर्ग त्यौहार की खुशियों में बराबर का शरीक हो सके। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मिठास बांटकर भाईचारे का परिचय दिया।

### नन्हे रोजेदारों का दिखा उत्साह

इस साल की ईद बच्चों के संकल्प के लिए भी यादगार रही। कड़ी धूप और गर्मी के बावजूद नन्हे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ रोजे रखे। इनमें 6 वर्षीय अमायरा परवीन (पिता मोहम्मद याकुब), शमायरा परवीन (पिता मोहम्मद याकुब) और सुजैन (पिता मोहम्मद यूनुस) ने 10-10 दिनों के रोजे मुकम्मल किए। इन बच्चों के इस जज्बे और इबादत के प्रति समर्पण की समाज के वरिष्ठ जनों ने खूब सराहना की।

## खबर संक्षेप



### शीतला मंदिर में 162 ज्योति कलश स्थापित

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम गुजरा में चैत्र नवरात्रि पर्व पर शीतला मन्दिर में 162 ज्योति प्रज्ज्वलित है।क्षेत्र में नवरात्रि पर्व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।ग्राम तरपोंगी महामाया मन्दिर में 42 व शीतला मंदिर में 51 सड्डू महामाया पारा मंदिर 28 व शीतला मंदिर में 78, खैरखूँट शीतला मंदिर में 35, सगुनी शीतला मन्दिर में 86, सुंगेरा महामाया मंदिर 36 शीतला मन्दिर में 31 ज्योति प्रज्ज्वलित है।

### अधिवक्ता संघ की बैठक में चुनाव पर चर्चा की

**अभनपुर।** तदर्थ तहसील अधिवक्ता संघ अभनपुर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अधिवक्ताओं ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में आगामी जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान अभनपुर क्षेत्र से प्रत्याशी खड़ा करने के विषय पर सहमति बनी, हालांकि अंतिम निर्णय चुनाव की औपचारिक घोषणा के बाद लिया जाएगा। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा राजस्व प्रकरणों से जुड़ा रहा। अधिवक्ताओं ने बताया कि कई मामलों में स्थल निरीक्षण रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत नहीं होने के कारण प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब हो रहा है। इस समस्या के समाधान हेतु एसडीएम से मुलाकात कर उचित पहल करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। संगठन के विस्तार को ध्यान में रखते हुए कई नई नियुक्तियां भी की गईं। अधिवक्ता अपूर्व चौबे को वरिष्ठ सचिव, अधिवक्ता दिनेश सिन्हा को क्रीड़ा सचिव, अधिवक्ता मनोज साहू को सह-कोषाध्यक्ष तथा अधिवक्ता उत्तम यादव को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा अन्य विभिन्न विषयों पर भी अधिवक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। बैठक में संघ अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल अग्रवाल, वरिष्ठ नोटरी अधिवक्ता प्रहलाद साहू, उपाध्यक्ष अधिवक्ता नोटरी चंद्रकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता नागेंद्र सिन्हा, सचिव अधिवक्ता सोहन सिन्हा सहित अधिवक्ता संदीप चौरसिया, रोहन सिन्हा एवं आकाश गुप्ता उपस्थित रहे।

### दो दिनी कबीर सत्संग समारोह 24-25 को

**आरंग।** धर्म नगरी आरंग में 24 एवं 25 मार्च को दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सतनाम भवन, कर्मा चौक में संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र साहेब (प्रमुख, कबीर पारख संस्थान प्रयागराज) के पावन सानिध्य में सत्संग एवं प्रवचन होंगे। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सत्संग कार्यक्रम आयोजित होगा।

### निधन

**गजानंद लोधी**

**आरंग।** लोधी पारा आरंग निवासी गजानंद लोधी (65 ) का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को प्रातः 09 बजे रानीसागर तालाब मुक्तिधाम आरंग में किया जाएगा। वे लखन लाल लोधी एवं भरत लाल लोधी (पूर्व अध्यक्ष श्री हरदेव लोधी समाज आरंग एवं मंडल अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी आरंग) के पिता थे।



## मोहरेंगा नेचर सफारी को मिली ईको पर्यटन की सौगात से बढ़ेगा रोजगार

**धरसींवा।** विश्व वानिकी दिवस के विशेष अवसर पर रायपुर जिले के धरसीवाँ विधानसभा अंतर्गत ग्राम मोहरेंगा स्थित नेचर सफारी में ईको-पर्यटन विकास कार्यों का भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। प्रकृति संरक्षण और पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने की।

- प्रकृति संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा : मंत्री केदार कश्यप

पर्यटकों को प्रकृति के और करीब लाने तथा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से कई आधुनिक संरचनाओं का उद्घाटन किया गया। लोकार्पण के मुख्य आकर्षणों में नवनिर्मित ईको-हट्स शामिल हैं, जो पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए प्रकृति के अनुकूल आवास प्रदान करेंगे। इसके साथ ही वन्यजीवों और वनस्पतियों की जानकारी देने वाला आधुनिक व्याख्या केंद्र, वन्यजीव अवलोकन हेतु बेहतर व्यू पॉइंट्स और अन्य आवश्यक जनसुविधाओं का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान यहाँ के घने जंगलों और समृद्ध जैव विविधता से है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल पर्यटन का विकास करना नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के बीच संतुलन बनाना है। ये नई सुविधाएं पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाएंगी और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मोहरेंगा को छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर एक उभरता हुआ सितारा बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से यहाँ अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण शिक्षा का बड़ा केंद्र बनेंगी।

## हिंदू नववर्ष पर सशिमं के बच्चों ने निकाली रैली



**तरपोंगी।** सरस्वती शिशु मंदिर तरपोंगी में हिंदू नववर्ष के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी महाराज का भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उत्साह और उल्लास के साथ छात्र-छात्राओं ने पूरे ग्राम में नववर्ष का संदेश पहुंचाया। शोभा यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बाजार चौक हनुमान मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने नववर्ष मंगलमय हो, विक्रम संवत अमर रहे, भारत माता की जय और वंदे मातरम, जय श्री राम' का जयघोष लगाकर वातावरण को भक्तिमय से ओतप्रोत कर दिया। आचार्य कमलनारायन कोषे ने सभी को हिंदू नववर्ष की मंगल शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य तुलसीराम वर्मा जी ने कहा कि यह पर्व हमारी संस्कृति को सहेजने और नई ऊर्जा के संचार का प्रतीक है। जो सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

## सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में नवरात्रि की धूम ...



रायपुर। मठपुरैना वाटर फिल्टर परिसर में स्थापित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में नवरात्रि का शानदार आयोजन किया गया है। मंदिर में 217 ज्योतिकलशों की स्थापना की है। मंदिर बिकास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू और सोमनाथ निषाद ने बताया कि संध्या को मंदिर परिसर में महिला समिति ने जसगीत की प्रस्तुति दी, जिसमें बसंती मानिकपुरी, शीला तिवारी, दीनदयाल साहू,परमानंद पटेल, गंगा यादव किशोर गुरुजी, राजकुमार धीवर, नीलकंठ का योगदान रहा।

## कर्मा जयंती पर साहू समाज ने निकाली कर्मा रथयात्रा

**अभनपुर।** परिक्षेत्र साहू समाज खोरपा अंतर्गत विभिन्न गांवों में कर्मा जयंती महोत्सव इस वर्ष भी हर्षोल्लास साथ मनाया गया, 15 मार्च से प्रारंभ हुई कर्मा रथ यात्रा का समापन ग्राम परसदा में हुआ। इस दौरान गांव में पारंपरिक आस्था और उत्साह के साथ कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष एवं युवाओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्रों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि कर्मा जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने प्रतिभावान छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है, और बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस दौरान पर साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष विरेंद्र साहू,समाज अध्यक्ष हेमंत साहू, उपाध्यक्ष जगदीश साहू, सरपंच किरण कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## भानसोज के मंदिरों में 77 ज्योतिकलश स्थापित



**आरंग।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम भानसोज में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहां स्थित शीतला माता मंदिर में 21 एवं महामाया मंदिर में 56 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा है।नवरात्रि के प्रारंभ के साथ ही दोनों मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए ज्योत जला रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर रात तक भक्ति गीत, आरती और पूजा-अनुष्ठान का क्रम जारी है।मंदिरों में जय माता दी के जयघोष से पूरा गांव गूंज रहा है। महिलाएं और युवक-युवतियां बड़ी संख्या में शामिल होकर माता की आराधना कर रहे हैं। वातावरण में धूप, दीप और श्रद्धा की सुगंध एक अलग ही आध्यात्मिक अनुभूति करा रही है। मान्यता है कि सच्चे मन से प्रज्वलित की गई मनोकामना ज्योत से माता रानी भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण करती हैं। यही कारण है कि दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचकर अपनी आस्था की ज्योत जला रहे हैं।नवरात्रि पर्व को लेकर ग्रामवासी भी पूरी तरह सक्रिय हैं। मंदिर परिसर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।भानसोज में नवरात्रि का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बन रहा है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी संदेश दे रहा है।

## सगुनी में माता कर्मा जयंती पर निकाली कलशयात्रा

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में भक्त कर्मा माता की जयंती भव्य कलश यात्रा निकालकर उल्लास के साथ मनाई गई। तत्पश्चात मां कर्मा की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समर्पण मानस मंडली धरमपुरा रायपुर का रामायण आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि शैल महेंद्र साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील साहू संघ के संरक्षक पोषण साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि किसान नेता व पूर्व जिला पंचायत कृषि सभापति राजू शर्मा, जनपद सदस्य देवेन्द्र वर्मा, परिक्षेत्र अध्यक्ष संतोष साहू, सोसायटी अध्यक्ष रोमलाल साहू, पूर्व सरपंच पुरषोत्तम निषाद, पूर्व उपसरपंच बिसौहा साहू, आनंद राम वर्मा, ठाकुर राम कन्नौजे, संगीता साहू, सोनम साहू, गीताजंली साहू, रंजीत साहू, ओमप्रकाश साहू, माखन साहू, त्रिलोचन साहू, डॉ तखत साहू, भारत साहू, परमेश्वर साहू, उत्तम साहू, संपत साहू, टेकराम यद्धु, सीताराम साहू, दुर्गेश साहू, कृष्णा साहू विशेष रूप से उपस्थित थे, अतिथियों ने अपने संबोधन में संत माता के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के शिक्षा और संस्कार सहित सामाजिक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया, कार्यकम का संचालन परिक्षेत्र उपाध्यक्ष मुकेश साहू ने किया साथ ही कार्यक्रम में गांव के सभी समाज प्रमुखों का भी सम्मान किया गया।

## पेज 11 के शेष

### 96 आंगनबाड़ी केंद्र ....

आंगनबाड़ी केंद्रों में मरम्मत की आवश्यकता है। किराए में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में ज्यादा से ज्यादा स्वयं के भवनों में संचालित हों, इसके लिए जिला स्तर पर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत जिन-जिन क्षेत्रों में किराए के भवन संचालित हैं, उन क्षेत्रों मे नए भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि की तलाश कर चिन्हांकित किया जा रहा है, ताकि वहां नए भवन का निर्माण किया जाए। इसके अलावा खाली पड़े या जर्जर हो चुके सामुदायिक केंद्रों को भी चिन्हांकित किया जा रहा, ताकि उन भवनों का जीर्णोद्धार कर वहां आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जा सके।

### 477 आंगनबाड़ी किराए ....

जीर्णोद्धार किया जाना है। इसके लिए जिला महिला एवं बाल विकास विभाग सर्वे कराकर प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भी भेज चुका है। इस प्रस्ताव में 560 आंगनबाड़ी केंद्रों में मरम्मत की आवश्यकता भी बताई गई है।

### भाठागांव-दतरेंगा मार्ग ....

से पूर्व में अवगत भी कराया। जन शिकायत के बाद महापौर मीनल चौबे ने सड़क निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क निर्माण में लेटलतीफी से वे बेहद नाराज हुईं। उन्होंने स्पॉट पर ही कहा कि सड़क डामरीकरण का काम शुरू नहीं होने से मार्ग में यातायात का भारी दबाव बना हुआ है। इससे न केवल परियोजना की प्रगति प्रभावित हो रही है, बल्कि रायपुर नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। हैरानी की बात ये है, नगर निगम से नोटिस मिलने के बाद भी ठेकेदार ने अब तक सड़क डामरीकरण का काम प्रारंभ नहीं कराया है।

### भाठागांव चौक पर ....

चारपहिया चालक, राहगीर सहित आसपास के दुकानदारों को खासी परेशानी हो रही है। हालत ये है कि सुबह से देर शाम तक घरों व दुकानों में धूल, मिट्टी की परत जम रही है। इस कारण कुछ दुकानदारों ने दुकान खोलना बंद कर दिया है। लोगों का कहना है, पहले यहां नाली बनाने सड़क खुदाई कर महीनाभर वैसे ही छोड़ दिया। नाली बनने के बाद बिजली का खंबा शिफ्ट करने दोबारा सड़क उधेड़ी। रोज यहां लाइट बंद हो रही है, पूरी सड़क का यही हाल है। स्थानीय निवासी राजा यादव का कहना है ठेकेदार पर नगर निगम का नियंत्रण नहीं रह गया। महापौर और जोन के अधिकारी के निर्देश का पालन नहीं हो रहा है। यही हाल रहा तो प्रभावित इलाके रहवासी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

### रायपुर के युवक ....

रायपुर, शदाणी दरबार निवासी नितेश बत्रा (25) के रूप में हुई है। मृतक थोक आनाज मंडी में आलू-प्याज की पार्किंग का काम देखता था। पुलिस के अनुसार नितेश की लाश भरेंगा भाठा, पाटन रोड के पास एक खार में शनिवार को गाड़े जाने की जानकारी मिली। मृतक की पहचान उसके हाथ में बने टैटू के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार नितेश के परिजनों ने 18 मार्च को माना थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि नितेश 16 मार्च को घर में किसी को बताए बगैर गायब हो गया है। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के तीन बाद खार में लाश मिली। परिजनों ने किसी पर हत्या करने का अब तक संदेह व्यक्त नहीं किया है। घटना स्थल पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को किसी भी प्रकार के संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि अज्ञात बदमाशों ने नितेश की किसी अन्य स्थान पर हत्या कर साक्ष्य छिपाने लाश सूनासान इलाके के खार में छिपा दी। हत्यारों ने महज दो से ढाई फीट गड्ढा कर लाश को गाड़ दिया था। इस वजह से लाश के हाथ तथा पैर गड्ढे से बाहर आ गए।

### हत्या के कारणों ....

क्षेत्र में सुराग तलाशे जा रहे हैं। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच लेन-देन, प्रेम प्रसंग तथा आपसी रंजिश के एंगल से कर रही है।

## कुकरा में आज से पांच दिनी अखंड मानस गान सम्मेलन

**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत ग्राम कुकरा में धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का बड़ा आयोजन 22 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। श्री मानस मंडली बाल समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अखंड पांच दिवसीय मानस गान सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा, जो 27 मार्च तक चलेगा। इस भव्य आयोजन में आसपास के गांवों सहित विभिन्न क्षेत्रों की मानस मंडलियां भाग लेंगी। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन को लेकर गांव में विशेष उत्साह का माहौल है और तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



Contact to Add Your School - 7987119756

## खबर संक्षेप

### गर्मी से राहत दिलाने शहर के 5 स्थानों पर शीतल जलसेवा केंद्र

**रायपुर।** राजधानी में गर्मी को देखते हुए साधक परिवार द्वारा शीतल जल सेवा केंद्र शुरू किये गये हैं। शहर के 5 स्थानों पर वाटर कूलर शीतल जल सेवा केंद्र आम जनता, राहगीरों व बस स्टैंड के यात्रियों की सुविधा के उपलब्ध हैं। ये सुविधा विधानसभा जीरो पाइंट ओवरब्रिज के पास, भाठागांव क्षेत्र स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के गेट नंबर 2 के पास, अमलेश्वर थाना के सामने, वीआईपी चौक तेलीबांधा के साथ तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव में लोगों की प्यास बुझाने यह सेवा निरंतर दी जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को रेलवे स्टेशन क़े प्लेट फार्म नंबर 1, 2 और 3 के साथ प्लेटफार्म 5 और 6 में यात्रियों और जरूरतमंद लोगों को मटके का ठंडा पानी निःशुल्क वितरण सेवा का शुभारंभ हुआ। मीडिया प्रभारी शोभाराज मल ने बताया कि 3 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र का शुभारंभ हुआ, जिसमें सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सेवाधारी द्वारा ठंडा शीतल जल निशुल्क वितरण किया गया।

# पाकिस्तान के रास्ते पंजाब से लेकर छत्तीसगढ़ तक फैला है मादक पदार्थ तस्करी का जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान के कटोरा छत्तीसगढ़ को हेरोइन, अफीम, कोकीन जैसे घातक किस्म के मादक पदार्थों का कटोरा बनाने की फिराक में पंजाब सहित अन्य राज्य के ड्रग माफिया सुनियोजित तरीके से साजिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, क्राइम ब्रांच तथा पुलिस की टीम ने पंजाब के चार हार्डकोर तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिन ड्रग तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ रायपुर के अलग-अलग थानों में एनडीपीएस के प्रकरण दर्ज हैं। एक तस्कर के कब्जे से पुलिस ने इटालियन मेड सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल के साथ एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। कमिश्नरेट पुलिस ने पंजाब, तरन तारण निवासी कवलजीत सिंह पन्नू, पंजाब, मोगा निवासी तरसेम सिंह उर्फ साजन, विक्की सिंह और पंजाब, फिरोजपुर निवासी जनक राज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 12 ग्राम के करीब हेरोइन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों के चार अन्य साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

- एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स क्राइम एवं पुलिस की टीम ने पंजाब से चार हार्डकोर तस्करों को किया गिरफ्तार

### एक तस्कर के कब्जे से इटालियन मेड सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल के साथ बुलेट जब्त



### कुरियर और ट्रक से तस्करी

पुलिस जांच में तस्करों द्वारा अलग-अलग तरीके से ड्रग तस्करी करने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस के अनुसार तरसेम सिंह और विक्की कुरियर के माध्यम से रायपुर ड्रग भेजने की व्यवस्था करते थे। कुरियर में सामान के बीच तस्कर ड्रग को इस सलीके से पैक करके रखते थे कि किसी को पार्सल में ड्रग होने का शक न हो। एक अन्य तस्कर जनक राज ट्रक चालकों के माध्यम से ड्रग सप्लाई करता था, जो वैध सामान की आड़ में हेरोइन तथा अन्य मादक पदार्थ छिपाकर लाते थे। इस तरह नेटवर्क बेहद संगठित और तकनीकी रूप से सतर्क तरीके से काम कर रहा था।

### कंवलजीत का नेटवर्क पाकिस्तान के तस्करों से

पूर्व में गिरफ़्तार किए गए रूपिंदर उर्फ पाब्लो गैंग के सदस्यों की जांच के दौरान सामने आया कि कवलजीत सिंग पन्नू इस तस्करी श्रृंखला में 'टियर-1' अर्थात सर्वोच्च स्तर का ड्रग सप्लायर था, वह पाकिस्तान से सटे पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय तस्करी नेटवर्क से सीधे हेरोइन की खरीदी करता था। इस प्रकार वह आपूर्ति श्रृंखला की सबसे ऊपरी कड़ी के रूप में कार्य करते हुए रूपिंदर जैसे वितरकों को हेरोइन उपलब्ध कराता था, जो आगे रायपुर तथा अन्य शहरों में माल पहुंचाते थे। कंवलजीत को पंजाब पुलिस पूर्व में कई बार ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है।

### गिरफ्तार तस्करों का देश के कई राज्यों में नेटवर्क

ड्रग तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने पंजाब के जिन चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है, उनका नेटवर्क देश के कई राज्यों के ड्रग तस्करों के साथ है। पुलिस ड्रग तस्करों की रिमांड हासिल कर उनसे पूछताछ करेगी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, ड्रग तस्करों का नेटवर्क पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तक फैला हुआ है। गिरफ्तार तस्कर ने महाराष्ट्र के ड्रग तस्करों के माध्यम से रायपुर में नेटवर्क खड़ा किया था।

## स्क्रैप यार्ड में छापा, भारी मात्रा में चोरी का सरिया और पिग आयरन जब्त

**रायपुर।** ग्रामीण पुलिस ने पुलिस कमिश्नरेट के क्षेत्र में एक स्क्रैप यार्ड में रेड कार्रवाई करते हुए सात लाख रुपए के करीब का सरिया तथा पिग आयरन जब्त किया है। बताया जा रहा है मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने इतनी गोपनीय तरीके से छापे की कार्रवाई की, जिसकी भनक खमतराई पुलिस को नहीं मिल पाई। छापे की कार्रवाई शनिवार दोपहर की गई। पुलिस ने इस मामले में ट्रेलर चालक तथा माल खपाने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर रही है।

चंदन कुमार सिंह ने ट्रेलर सीजी 04 जेसी 6215 के चालक के खिलाफ सरिया चोरी करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बुद्ध नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती कल

**रायपुर।** क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति द्वारा हेमू कालाणी चौक पर 23 मार्च को उनकी 103वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष किशोर आहूजा एवं माडिया प्रभारी भरत पमनानी समेत अन्य पदाधिकारियों ने अनेक संतों, महापौर, नेता और पार्षदों को कार्यक्रम में शामिल होने निमंत्रण दिया है। संस्था के अध्यक्ष श्री आहूजा और श्री पमनानी ने बताया कि संस्था द्वारा विगत कई सालों से अमर शहीद हेमू कालाणी के जयंती व पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। समिति के संयोजक अनेश बजाज, त्रिलोकचंद चिमनानी, भरत बजाज, प्रेम बिरनानी, अमित वलेचा समेत अन्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में समस्त सिंधी समाज से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.



हरिभूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



छत्तीसगढ़ में पहली बार खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां साइंस कॉलेज मैदान में शुरू हो चुकी हैं। पहली बार छग इस गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है।

# सजने लगा ट्राइबल खेलों का महाकुंभ, 13 दिन में देशभर के 2500 खिलाड़ी दिखाएंगे अपना हुनर

## 25 मार्च से छत्तीसगढ़ में 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' का आगाज, रायपुर, सरगुजा और बस्तर को मेजबानी

**रायपुर।** 25 मार्च से 6 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर के सभी राज्यों से लगभग 2500 खिलाड़ी और खेल अधिकारी शिरकत करेंगे, जो अपनी खेल कुशलता का प्रदर्शन कर भारत की आदिवासी संस्कृति और खेल गौरव को राष्ट्रीय पटल पर रखेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ के तीन प्रमुख क्षेत्रों रायपुर, सरगुजा और बस्तर को मेजबानी के लिए चुना गया है। ये तीनों स्थान अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और खेल विरासत के लिए जाने जाते हैं।

### प्रतिभा को सही पहचान और अवसर मिल सके

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस आयोजन के संबंध में कहा कि छत्तीसगढ़ की धरा हमेशा से ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि 25 मार्च से शुरू होने वाले इन खेलों के माध्यम से देश के सुदूर आदिवासी क्षेत्रों के युवाओं को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां उनकी प्रतिभा को सही पहचान और अवसर मिल सकेगा। खेल विभाग ने सभी हितधारकों और मीडिया से इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की है, ताकि आदिवासी भारत की इस अद्वितीय खेल शक्ति को पूरी दुनिया देख सके।





### 9 खेल विधाएं होंगी आकर्षण का केंद्र



*आयोजन के दौरान कुल 9 खेल विधाएं आकर्षण का केंद्र होंगी। राजधानी रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी के मुकाबले होंगे, जबकि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मैदानों में फुटबॉल और वेट लिफ्टिंग की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल में तैराकी और बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में कबड्डी के रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे। बस्तर के जगदलपुर स्थित धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में एथलेटिक्स की ट्रैक और फील्ड स्पर्धाएं होंगी, जबकि सरगुजा के गांधी स्टेडियम में कुश्ती और मलखंब की पारंपरिक और प्रतिस्पर्धी जंग देखने को मिलेगी।*

### वेट लिफ्टिंग, फुटबॉल और एथलेटिक्स के धावक करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व

छत्तीसगढ़ की 32 प्रतिशत से अधिक आदिवासी जनसंख्या और यहां की नैसर्गिक खेल प्रतिभा को देखते हुए इसे इन खेलों का स्वाभाविक घर माना जा रहा है। आयोजन की विशिष्ट पहचान के रूप में 'मोर वीर' शुभंकर (मैस्कॉट) को पेश किया गया है, जो छत्तीसगढ़ी अस्मिता और वीरता का प्रतीक है। प्रदेश की टीम से पदक की बड़ी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं, जिसमें वेट लिफ्टिंग में टिकेश्वर ध्रुव, तीरंदाजी में निशांत पटेल और कुश्ती में वंदना कोमरा व रामेश्वरी नाग जैसे उभरते सितारे शामिल हैं। फुटबॉल टीम में किरण पिस्दा और एथलेटिक्स में गजेंद्र ठाकुर जैसे धावक राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।



लाइव इवेंट

## भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए



**रायपुर।** एनआईटी में मॉडर्न डीप लर्निंग आर्किटेक्चर्स इन कंप्यूटर विजन पर एक सप्ताह की राष्ट्रीय वर्कशॉप का सफल समापन हुआ। यह आयोजन संस्थान के आईटी विभाग द्वारा 16 मार्च से किया गया। समापन समारोह में डॉ. सुवेंदु रूप ने वर्कशॉप का सार प्रस्तुत करते हुए इसकी विशिष्ट संरचना पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वर्कशॉप में आईआईटी, एनआईटी एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। वर्कशॉप में देशभर से लगभग 75 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। उन्होंने 2000 के दशक के बाद डीप लर्निंग के विकास, विशेष रूप से फीड फॉरवर्ड और कन्वोल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क्स, कंप्यूटर विजन व आधुनिक आर्किटेक्चर्स पर जोर दिया। साथ ही हैंड्स-ऑन सेशन ने विषय की समझ को और स्पष्ट बनाया। अपने संबोधन मेंआईटी विभाग के एचओडी डॉ. सुधाकर पांडेय ने प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और आशा व्यक्त की कि इस वर्कशॉप ने सभी को ज्ञान के नए आयामों से समृद्ध किया है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए और इन उभरते क्षेत्रों में निरंतर सीखते रहना चाहिए। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ। डॉ. अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथियों, प्रायोजकों, विशेषज्ञों, निदेशक, कुलसचिव, प्रतिभागियों तथा सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

> एनआईटी में मॉडर्न डीप लर्निंग आर्किटेक्चर्स इन कंप्यूटर विजन पर आईटी वर्कशॉप का समापन

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनआईटी रायपुर के एचएजी के प्रोफेसर डॉ. श्रीश वर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मनोज चोपकर एवं आईटी विभाग के एचओडी डॉ. सुधाकर पांडेय रहे। समारोह का सफल समापन वर्कशॉप समन्वयक डॉ. दीपिका अग्रवाल एवं डॉ. सुवेंदु रूप के मार्गदर्शन में हुआ।

सिटी इवेंट

## रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी

**रायपुर।** रेलवे में सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से असिस्टेंट लोको पायलट के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का एलान किया गया है। नोटिस के मुताबिक इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया अगले माह 15 मई से स्टार्ट कर दी जाएगी जो 14 जून 2026 तक जारी रहेगी। भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थी इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट rrbapply.gov.in पर फॉर्म भर सकेंगे। असिस्टेंट लोको पायलट के रिक्त पदों पर चयनित होने के लिए उम्मीदवारों को सीबीटी 1, सीबीटी 2, कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा से होकर गुजरना होगा।




### एप्लीकेशन प्रॉसेस एवं फीस

*इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से ही फॉर्म भर सकेंगे। ऑफलाइन या किसी अन्य प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं होंगे। फॉर्म भरने के साथ निर्धारित फीस जमा करना आवश्यक है। बिना फीस के फॉर्म अधूरे मानकर रद्द कर दिए जायेंगे। आवेदन पत्र भरने के साथ अन्य सभी कैटेगरी से आने वाले उम्मीदवरों को 500 रुपये जमा करना होगा वहीं एससी/ एसटी/ एक्स सर्विसमैन/ ट्रांसजेंडर/ ईबीसी वर्ग को शुल्क के रूप में 250 रुपये का भुगतान करना होगा।*

### असिस्टेंट लोको पायलट पदों के लिए पात्रता- कैसे होगा चयन

*इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10वीं के साथ आईटीआई पास होना अनिवार्य है या उम्मीदवार ने 10वीं के साथ इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया हो। जिन उम्मीदवारों ने इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त की है वे भी इस भर्ती में आवेदन के लिए पात्र होंगे।इसके अलावा उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम एवं अधिकतम आयु 30 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ऊपरी उम्र में ओबीसी को 3 एवं एससी/ एसटी वर्ग को 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य आरक्षित वर्ग एवं भूतपूर्व सैनिकों को भी ऊपरी आयु में नियमानुसार छूट दी जाएगी।*

## ईस्टर्न रीजन को-ऑर्डिनेशन में पूर्वी क्षेत्र के 150 यंग इंडियंस प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**रायपुर।** यंग इंडियंस की ओर से ईस्टर्न रीजन को-ऑर्डिनेशन मीटिंग का शुभारंभ किया गया। यह चेयर पंकज सोमानी और को-चेयर कावित पासरी के नेतृत्व में हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न शहरों कोलकाता, भुवनेश्वर, रांची, सिलीगुड़ी सहित अन्य स्थानों से लगभग 150 यंग इंडियंस प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सत्र के दौरान प्रतिनिधियों को हाल ही में विधानसभा में पारित हुए विधेयक की जानकारी दी गई। साथ ही राज्य की औद्योगिक नीति पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें रायपुर और छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने हेतु उपलब्ध लाभों और प्रोत्साहनों पर प्रकाश डाला गया।



### संभावनाओं पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि सीएसआईडीसी के प्रबंध निदेशक विश्वेश कुमार उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए राज्य में औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

## स्टूडेंट्स के शोध को मिलेगी जगह रिसर्च एक्सप्रेशन में किए जाएंगे शामिल

**रायपुर।** साइंस कॉलेज द्वारा 10 वर्षों से रिसर्च एक्सप्रेस से एक ज्ञानवर्धक पत्रिका रिसर्च एक्सप्रेस प्रकाशित की जा रही है। शोध पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है। कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं शोध पत्रिका प्रभारी डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस शोध पत्रिका को भारत सरकार द्वारा प्रदत्त आईएसएसएन नंबर मिल चुकी है। शैक्षणिक सत्र में दो अंकों के प्रकाशन वाली रिसर्च एक्सप्रेशन शोध पत्रिका के लगभग 12 से अधिक अंक प्रकाशित हो चुके हैं। नेशनल स्तर के प्राध्यापकों, शोधकर्ताओं एवं शिक्षाविदों के लगभग 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। शोध पत्रिका प्रकाशन समिति के प्रभारी डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी ने कहा कि महाविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ अंचल के युवा एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों, रिसर्च स्कॉलर तथा शिक्षाविदों द्वारा अपने-अपने शोधकार्य पर केन्द्रित रिसर्च पेपर को प्रकाशन हेतु अवसर उपलब्ध कराने की दृष्टि से रिसर्च एक्सप्रेशन पत्रिका सर्वोत्तम कुराने माध्यम है। इस पत्रिका में प्रकाशित होने वाले शोध पत्रों को पीयर रिव्यू जर्नल के समकक्ष प्राप्त होने वाले अंकों के बराबर अंक प्राप्त होते है। इस पत्रिका के लिए 25 मार्च के बाद साइंस कॉलेज की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है। यह पत्रिका माल्टीडिस्पलनरी शोध पत्रिका है, जिसमें सलाहकार बोर्ड में विदेशों के अनेक प्राध्यापक अथवा शोधकर्ता शामिल हैं। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने महाविद्यालय में बैठक लेकर शोध पत्रिका रिसर्च एक्सप्रेशन के प्रकाशन तथा गुणवत्ता पूर्ण शोध पत्रों के प्रकाशन पर बल दिया।

कला प्रशिक्षण शिविरों की विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर दूर भगाएंगे दिमाग की थकान

## स्कूली बच्चों को समर कैंप देगा रिफ्रेशमेंट, पेंटिंग डांसिंग, स्वीमिंग जैसी क्रिएटिविटी करेंगे एंजॉय

कार्नर न्यूज

रायपुर। समर सीजन में आयोजित होने वाले कला-प्रशिक्षण शिविरों की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन, निजी व सरकारी संस्थाएं आगामी महीने से समर कैंप का अयोजन करने जा रही हैं, जो नए शिक्षण सत्र के प्रारंभ होने तक चलेंगी। इन शिविरों की विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में स्कूली बच्चे भाग लेकर क्लास रूम की दीमागी थकान को दूर भगाएंगे। स्कूल शिक्षण सत्र के समापन के साथ ही समर कैंप की क्रिएटिव व मनोरंजक क्लासेस को लेकर बच्चे हमेशा उत्साहित रहते हैं। बच्चे यहां अपने मनपसंद की हॉबी को एंजॉय करते हैं और खेल-खेल में रचनात्मक बनते हैं। इन समर कैंप में उन्हें पेंटिंग, डांसिंग, स्वीमिंग, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, वाद्य यंत्र वादन-गायन की क्लासेस विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है, जहां वह साल भर के स्कूल क्लास रूम, ट्यूशन क्लास और एग्जाम के थकान से खुद को रिफ्रेश करते हैं, ताकि वे फिर से नए शिक्षण सत्र में तरोताजा दिमाग के साथ क्लासरूम पहुंचें। शहर में अलग-अलग जगह और अलग-अलग तिथियों पर अनगीनत समर कैंप का आयोजन किया जाता है, जहां बच्चों का पंजीयन पैरेंट्स करते हैं। शहर में इस साल भी समर सीजन में अनेकों कला प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए पंजीयन भी शुरू हो गए हैं। इसको लेकर हरिभूमि की टीम ने आयोजक संस्थाओं से उनकी तैयारियों को लेकर बातचीत की।



### पैरेंट्स महीनेभर पहले करा रहे पंजीयन



जीई रोड स्थित कला केंद्र में इस समर सीजन के लिए गीत-संगीत, वादन, नृत्य, चित्रकला जैसे 50 से अधिक रचनात्मक गतिविधियों के लिए पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं। कला केंद्र में पैरेंट्स अपनी बच्चों की बड़ी संख्या में महीनेभर पहले से ही पंजीयन करा रहे हैं। कला केंद्र के प्रबधन टीम ने बताया कि समर कैंप के लिए पंजीयन महीने भर पहले ही प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं कला केंद्र में सभी विधाओं के कला गुरुओं की भी उपस्थिति सुनिश्चित करने, कला प्रशिक्षण की समय सारिणी बनाने का काम चल रहा है।

### आकार शिविर में कलागुरु विभिन्न विधाओं में करेंगे पारंगत

संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले आकार पारंपरिक शिल्प एवं कला प्रशिक्षण शिविर को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। कला गुरुओं, विधाओं की सूची और शिविर की रूपरेखा बनाने में विभाग जुट गया है। गौरतलब है कि शिविर अप्रैल-मई महीने में आयोजित होंगे,जहां बच्चों से लेकर हर उम्र के कलाप्रेमी को फाइन आर्ट, स्केचिंग, कैनवास पेंटिंग, जूट शिल्प, मेहंदी, गोदना आर्ट, छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी, ट्राइबल वुडन आर्ट, भरथरी, नाचा, लोकनृत्य, गीत, टेराकोटा, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, वाद्ययंत्र मेकिंग जैसे कलाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल में सीखेंगे तैराकी

जीईरोड स्थित इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल में तैराकी की क्लासेस को लेकर पंजीयन शुरू हो चुका है। प्रबंधन का कहना है कि गर्मी की छुट्टियों में स्कूली बच्चों की पंजीयन संख्या तेजी से बढ़ जाती है। बच्चों के पैरेंट्स अभी से ही पंजीयन करा रहे हैं, ताकि उनके बच्चों का तैराकी का प्रशिक्षण व गर्मी में स्वीमिंग पूल का एंजॉयमेंट मिस न हो जाए। स्वीमिंग पूल प्रबंधन इस समर सीजन को लेकर तैराकी कला सीखने आने वाले नए सदस्यों के स्वागत के लिए तैयार है।

शनिवार को शहर में ईद का त्योहार भाईचारे, प्रेम और अमन-चैन के अनूठे माहौल में मनाया गया। ईदगाह और मस्जिदों में नमाजियों ने नमाज अदा कर देश, समाज की खुशहाली, भाईचारे और अमन-चैन की दुआ मांगी। ईद के मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और मिठाइयां बांटकर सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश की।

**रायपुर।** शहर के लाखेनगर स्थित ईदगाहभाठा में मुस्लिम समुदाय ने सुबह की नमाज अदा की और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद पर मुस्लिम कौम ने सादगी और सौहार्द्र के साथ मिल-जुलकर रहने का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहने बच्चों ने ईदी का आदान-प्रदान किया और मिठाइयां बांटीं। घरों में भी लोगों की भीड़ रही, जहां सेवइयां खिलाकर खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के वरिष्ठ लोगों ने कहा कि ईद आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द्र का त्योहार है। उन्होंने सभी से मिल-जुलकर इसे मनाने का आव्हान किया। वरिष्ठों ने बताया कि ईद का संदेश है कि सभी लोग आपस में प्रेम और सद्भाव से रहें तथा जरूरतमंदों की मदद करें। ईद के मौके पर विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के नेता व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी ईदगाहभाठा पहुंचकर मुस्लिम समुदाय को ईद की मुबारकबाद पेश किया।

● मुस्लिम समुदाय के लोगों में ईद को लेकर दिखा उत्साह, ईदगाह और मस्जिदों में नमाजियों की उमड़ी भीड़

# ईद पर नमाज अदा कर भाईचारे और अमन की मांगी दुआ, एक-दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद









### ईदगाह और मस्जिदों में नमाजियों की उमड़ी भीड़

शहर के ईदगाह व मस्जिदों में सुबह की विशेष नमाज अदा करने नमाजियों की भीड़ उमड़ी रही। ईद पर शहर के चौक-चौराहों पर उत्साह व जश्न का माहौल रहा। मुस्लिम समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। घरों से लेकर मस्जिद तक खुशी और उत्साह में बच्चे-बुजुर्ग, महिलाएं सभी सराबोर दिखे। जगह-जगह राहगीरों को शर्बत, भोजन का वितरण कर ईद की खुशियां साझा की गईं।

### सामाजिक समरसता का दिया संदेश

ईदुल फित्र के पावन अवसर पर राजधानी की सर्वधर्म एवं सामाजिक संस्था अवाम-ए-हिंद ने नमाजियों को ठंडा शर्बत और अस्पतालों में मरीजों के परिजनों को भोजन वितरित किया। संस्था के संस्थापक मो. सज्जाद खान के मार्गदर्शन में




सामाजिक सद्भाव, भाईचारा कायम कर सुख, शांति, समृद्धि की दुआएं मांगते हुए पर्व मनाया गया। इस मौके पर संस्था ने बड़ी ईदगाह में नमाजियों के लिए स्टॉल लगाकर ठंडा रूह अफजा शर्बत वितरित किया। ईद की नमाज के बाद हजारों की तादाद में लोगों ने शर्बत का आनंद उठाया। इसके साथ-साथ संस्था द्वारा चलाए जा रहे सुपोषण अभियान अंतर्गत निशुल्क भोजन सेवा कार्य के 2183वें दिन संस्था द्वारा डीकेएस अस्पताल में सैकड़ों निर्धन, जरूरतमंद मरीज के परिजनों को स्वादिष्ट भोजन का वितरण किया गया। इस कार्य में संस्थापक मो. सज्जाद खान के साथ पं. अनिल शुक्ल, जुबैर खान, कुलविंदर सिंह, आशीष गढ़ेवाल, देवानंद सिन्हा, अजहर शरीफ, राजकुमार साहू एवं अन्य सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।



### नमाजियों को ठंडा शर्बत और मरीजों के परिजनों को भोजन

मुस्लिम कौम के लोगों ने ईद के इस पावन मौके को सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला पर्व बताया। यह हमारे जीवन में प्रगति, सुख और शांति लाए। राजधानी सहित राज्यभर में ईद की नमाज अदा की गई तथा एक-दूसरे से गले मिलकर सभी को मुबारकबाद दी गई। वहीं मुस्लिम भाईयों व समाजिक संगठनों ने जगह-जगह नमाजियों को ठंडा शर्बत वितरित किया। इसके अलावा राहगीरों एवं शहर के अस्पतालों में मरीजों के परिजनों को भोजन वितरण किया गया।

**सिटी लाइव**

## बच्चों-युवाओं के लिए नाट्य कार्यशाला शुरू, जून तक चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रायपुर।** कला-साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ कवच द्वारा जून 2026 तक नाट्य, नृत्य, संगीत, ड्राइंग और पेंटिंग सहित कई कला विधाओं की कार्यशालाएं चरणबद्ध तरीके से आयोजित की जा रही है। 23 मार्च को नेहरू सांस्कृतिक सदन में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि पर शहादत दिवस मनाया जाएगा। इसी कड़ी में वर्ल्ड डे ऑफ थिएटर फॉर चिल्ड्रेन एंड यूथ के अवसर पर इप्टा, भिलाई शाखा द्वारा सेक्टर-1 स्थित नेहरू सांस्कृतिक सदन में बाल एवं युवा प्रतिभाओं के लिए नाट्य कार्यशाला के पहले चरण की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी शांतनु दासगुप्ता उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यशाला श्रृंखला का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि बच्चों और युवाओं को कला के विभिन्न माध्यमों से जोड़ना और उनकी सृजनात्मक क्षमता को मंच देना है। रंगकर्मी चारू श्रीवास्तव और रोहित रेड्डी आयोजन में विशेष रूप से शामिल हो रहे हैं।

## रथ पर निकाली माता गवरजा और ईसरजी की भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा

**शहर में गणगौर पर्व की धूम, भक्ति उल्लास में झूमते-गाते भक्तों का लगा तांता**



**रायपुर।** शहर में गणगौर पर्व की धूम मची हुई है। भक्त उल्लास में डूबे झूमते-गाते शोभायात्रा में शामिल हो रहे हैं। शनिवार को माहेश्वरी सभा द्वारा पारम्परिक पर्व गणगौर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोपाल मंदिर में माता गवरजा एवं ईसरजी की युगल प्रतिमा की पूजा-अर्चना के पश्चात रथ पर विराजित कर आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। सभा के प्रचार-प्रसार प्रभारी विष्णु सारडा ने बताया कि शोभायात्रा गोपाल मंदिर सदरबाजार से गाजे-बाजे के साथ कोतवाली चौक, मेघ मार्केट, बिजली ऑफिस चौक, सप्रे स्कूल, गणेश मंदिर चौक, बुढ़ापारा ढाल, सद्दानी चौक से मुख्य मार्ग होते हुए गोपाल मंदिर पहुंचकर विसर्जित हुई। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तजन पारंपरिक राजस्थानी संस्कृति एवं पहनावे के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। तीन घंटे की इस शोभायात्रा के दौरान समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। शोभायात्रा में शामिल भक्तों ने माता गवरजा एवं ईसरजी का जयकारे और पुष्पवर्षा से स्वागत किया। वहीं गवरजा माता के गीतों की श्रृंखला में दीपक डागा ,डॉ. सतीश राठी, जीतेश मोहता, नंदलाल मोहता, भूपेंद्र करवा ने भजन प्रस्तुत कर समां बांधा। मार्ग में एवं मंदिर प्रांगण में महीलाओं ने एवं नवयुवतियों ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। मार्ग में अनेक स्थानों में माता श्रीगवरजा एवं ईसरदेवजी का स्वागत पुष्पवर्षा कर किया गया। सभाध्यक्ष राजेश तापड़िया, महामंत्री आलोक बागड़ी एवं कार्यक्रम संयोजक कृष्णकुमार डागा के नेतृत्व में गणगौर की गरिमामयी शोभायात्रा निकाली गई। माहेश्वरी सभा के समस्त कार्यकारिणी सदस्य, महिला समिति, युवा संगठन के सदस्य, प्रदेश, जिले के प्रतिनिधि, श्रीगोपाल मंदिर ट्रस्ट, महेश छात्रावास के सदस्य, समाज के वरिष्ठ एवं गणमान्य सदस्य सम्मिलित रहे।

### श्री शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज ने मनाया गणगौर पर्व



श्री शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज ट्रस्ट द्वारा अम्बा देवी मंदिर से गणगौर शोभायात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इस शोभायात्रा में पारंपरिक परिधानों और विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए गणगौर पर्व मनाया गया। इस गणगौर शोभायात्रा समाज के लोग सैकड़ों की संख्या में शामिल होकर भक्तिभाव में सराबोर दिखे। भक्तजनों ने गाजे-बाजे की धुन पर झूमते-गाते व पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

## श्याम संकीर्तन आज, भजन गायक देंगे भक्तिपूर्ण प्रस्तुति

**रायपुर।** टाटीबंध में भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। यह आयोजन ताली कीर्तन ग्रुप द्वारा रविवार को शाम 6 बजे दि रेड ओक में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक एवं कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें प्रमुख रूप से किशन महाराज, राहुल शर्मा, विजय अग्रवाला, गोविंद शर्मा, सत्येंद्र बिसेन एवं पं. कृष्णा शर्मा सहित अन्य कलाकार अपनी भक्ति रस से भक्तों को सराबोर करेंगे। ताली कीर्तन ग्रुप के सदस्य नितिन अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक श्याम भक्तों को एक साथ जोड़कर भक्ति एवं संगीत के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण करना है। कार्यक्रम में भक्तों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे सभी श्रद्धालु सहजता से कीर्तन का आनंद ले सकें। ताली कीर्तन ग्रुप के सदस्य अनिल अग्रवाल ने कहा कि भव्य आयोजन श्याम बाबा की कृपा से संभव हो रहा है और सभी भक्तों से सपरिवार उपस्थित होकर इस भक्ति संध्या का लाभ लेने जरूर पहुंचे। आयोजन में प्रमुख रूप से रजत अग्रवाल, उदित अग्रवाल, सौरभ सावरिया, नीरज अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुमीत अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, विशेष अग्रवाल, सौरभ सिंघल, महेश अग्रवाल, प्रेम सिन्हा, सूरज माखड़िया, पंकज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, कृष्णा, प्रफुल्ल पाटले, सतेंद्र बिसेन, शेखर गोयल, दिव्यांश मोदी, मनोज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, जयप्रकाश, प्रकाश शर्मा, पाखी शर्मा, सौरभ डोकानिया, विमाश लाहोटी, गणेश अग्रवाल, श्रेयांश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, अविनाश मोदी, सुरेश अग्रवाल, संतोष डुग्गर, रवि चौधरी, संयम शर्मा, समीर वंस्यान्य, जतिन थारवानी, संजय अग्रवाल, आकाश अग्रवाल की विशेष सहभागिता एवं सहयोग रहेगा।

ताली कीर्तन ग्रुप द्वारा टाटीबंध में श्याम संकीर्तन का आयोजन

### ढोल पार्टी और म्यूजिकल ग्रुप का भी रहेगा आकर्षण

श्याम संकीर्तन के आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में ढोल पार्टी एवं म्यूजिकल ग्रुप संगीतमय संगत से भजन और भी आकर्षक बनाएंगे। कलाकारों की मधुर आवाज और ढोल एवं म्यूजिकल ग्रुप के संगीत से सजे श्याम भजन भक्तों को भक्तिरस में मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजकों ने सभी श्याम भक्तों एवं शहरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर इस भव्य कीर्तन का लाभ लेने का आग्रह किया है।

**समाज इवेंट**

## दिल्लीवार महिला कूर्मि क्षत्रिय समाज के होली मिलन में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**रायपुर।** महिला कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई द्वारा होली मिलन कार्यक्रम सामाजिक भवन सुभाषनगर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष माया बेलचंदन थीं। विशेष अतिथि रूप से बीना महतेल, चित्रलेखा देशमुख, मनीषा देशमुख मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवाजी महराज एवं दाऊ ढाल सिंह दिल्लीवार की तैल चित्र में माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज की महिलाओं को जागरूक होने एवं सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें कुर्सी दौड़, गोली चम्मच एवं फुगड़ी प्रमुख थे, सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात संगीत की धुन में सभी महिलाओं के द्वारा फूलों एवं गुलाल से होली खेला गया। इस अवसर पर केवरा देशमुख, सुनीता देशमुख, रुक्मणि देशमुख, कविता देशमुख, लीला देशमुख, चुन्नी देशमुख, अमिता हरमुख, नंदनी देशमुख, अर्चना हरमुख, शीला बेलचंदन, रश्मि बेलचंदन, जयंती गौतम, अनीता दिल्लीवार, जागृति देशमुख, गायत्री देशमुख, नारायणी देशमुख, वेद कुमारी देशमुख, बबीता देशमुख, सुषमा बेलचंदन, हेमलता देशमुख, प्रेम देशमुख, भुनेश्वरी देशमुख अर्चना अमृत, रश्मि देशमुख आदि उपस्थित थे।

**अंतिम चरण में पहुंची मुख्यमंत्री ट्रॉफी 45वीं राष्ट्रीय ओपन व 23वीं राष्ट्रीय महिला टीम शतरंज चैंपियनशिप**

**कार्नर न्यूज**

## शतरंज में 10 साल की अनिका ने 60 वर्षीय मास्टर सरिता से किया ड्रॉ, आज चैंपियनशिप का फाइनल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री ट्रॉफी 45वीं राष्ट्रीय ओपन व 23वीं राष्ट्रीय महिला टीम शतरंज चैंपियनशिप-2026 अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इसके साथ ही खिताब की दौड़ अब रोमांचक हो गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में अग्रसेन धाम में 16 से 22 मार्च तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का समापन आज दोपहर 3 बजे पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा। चैंपियनशिप के अंतिम दौर से पहले दिलचस्प मुकाबला देखने को मिले, जिसमें छत्तीसगढ़ की 10 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी अनिका रेड्डी गोलुगुरी ने 60 वर्षीय अनुभवी वूमेन फीडे मास्टर सरिता के साथ शानदार ड्रॉ खेलकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस मुकाबले ने युवा प्रतिभा और अनुभव के बीच संतुलन का बेहतरीन उदाहरण पेश किया।समापन समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री एवं कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्रालय के प्रभारी गुरु खुशवंत साहेब बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंघानिया करेंगे, जबकि छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के महासचिव डॉ. विक्रम सिसोदिया और साउथ एशियन चेस काउंसिल के अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



### दिव्यांग खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी

टूर्नामेंट में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारतीय जीवन बीमा निगम, तमिलनाडु, केरल और अन्य राज्यों की टीमों ने भी शानदार खेल दिखाते हुए प्रतिस्पर्धा को और रोमांचक बना दिया है। कई मुकाबले बेहद करीबी रहे, जहां परिणाम आखिरी चाल तक तय नहीं हो सके। इस चैंपियनशिप की खास बात यह भी रही कि इसमें दिव्यांग खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिसने इस प्रतियोगिता को केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित न रखकर समावेशिता और समान अवसरों का प्रेरणादायक मंच बना दिया। अब सभी की निगाहें आज होने वाले अंतिम चक्र पर टिकी हैं, जहां खिताब का फैसला होगा।

### आठवें राउंड के बाद मुकाबले हुए कड़े

टूर्नामेंट डायरेक्टर एवं प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का संचालन किया जा रहा है और अब यह निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। महिला वर्ग में छठे राउंड और ओपन वर्ग में आठवें राउंड के बाद मुकाबले और अधिक कड़े हो गए हैं, जहां हर टीम खिताब जीतने के लिए पूरा जोर लगा रही है। महिला वर्ग में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी दावेदारी मजबूत की है। मेरी एन गोम्स और पद्मिनी राउत जैसे अनुभवी खिलाड़ियों ने आक्रामक और सटीक खेल दिखाते हुए अपनी टीम को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। वहीं ओपन वर्ग में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की टीम लगातार शीर्ष पर बनी हुई है और उसने तमिलनाडु जैसी मजबूत टीम को हराकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। ग्रैंडमास्टर विसाख एनआर ने ठोस रणनीति और बेहतरीन एंडगेम के दम पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की, जबकि अन्य बोर्डों पर भी टीम का संतुलित प्रदर्शन देखने को मिला।

# रसोई गैस की कीमत छह साल में 665 से 984 हो गई, पर सब्सिडी 61 रुपए पर फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रसोई गैस की कीमत में एक बार फिर से 60 रुपए का इजाफा हो गया है। रसोई गैस की कीमत बीते छह साल में कम ज्यादा होती रही है, लेकिन जहां तक सब्सिडी का सवाल है तो यह बीते करीब छह साल से 61.24 रुपए पर फ्रीज है। अक्टूबर 2020 में रसोई गैस की कीमत 665 रुपए थी, तब सब्सिडी 61.24 रुपए मिलती थी। इसके बाद से दाम बढ़े ही हैं। एक समय तो कीमत 1124 रुपए तक भी गई, लेकिन इसके बाद भी सब्सिडी 61.24 रुपए ही रही। इस समय रसोई गैस की कीमत राजधानी रायपुर में 984 रुपए है, लेकिन सब्सिडी वही छह साल पुरानी ही है। यही नहीं, सब्सिडी कभी आती है कभी नहीं आती। हजारों उपभोक्ताओं को सब्सिडी मिलती भी नहीं है। अब तो उपभोक्ताओं ने सब्सिडी को चेक करना भी बंद कर दिया है। उपभोक्ता कहते हैं चेक करके क्या करना है, सब्सिडी आने का जब ठिकाना ही नहीं है। यही नहीं रसोई गैस की कीमत कुछ भी रहे, सब्सिडी तो बढ़ने से रही।

राजधानी रायपुर में रसोई गैस की कीमत में इस माह 60 रुपए का इजाफा हुआ है। इसके पहले बीते साल से इसकी कीमत 924 रुपए थी, लेकिन इसके पहले 2023 में कीमत 1124 रुपए थी। अब दाम कम हो गए हैं। इसकी कीमत अक्टूबर 2020 में 665 रुपए थी। आज के दाम के हिसाब से अब तक 319 रुपए का इजाफा हुआ है। हालांकि जहां तक सब्सिडी का सवाल है तो जो सब्सिडी अक्टूबर 2020 में 61.24 रुपए मिलती थी, 2023 में भी यही मिल रही थी। इसके बाद इसकी कीमत बीते साल अप्रैल में बढ़ने से पहले जब कीमत 874 रुपए थी, तब भी सब्सिडी उतनी ही मिल रही थी।

## सब्सिडी कभी आती है कभी नहीं आती, जवाब देने वाला कोई नहीं



### आखिर सब्सिडी जा कहा रही

अप्रैल में कीमत बढ़कर जब 924 रुपए हुई तो भी सब्सिडी पहले जितनी ही आ रही थी। अब एक बार फिर से नए साल में दाम 60 रुपए बढ़ने के बाद कीमत 984 रुपए हो गई है तब भी सब्सिडी छह साल पुरानी ही आ रही है। सोचने वाली बात यह है कि आखिर सब्सिडी जा कहा रही है। कोई भी इसका जवाब नहीं दे रहा है। उपभोक्ता अगर गैस एजेंसी वालों से इसके बारे में बात करते हैं तो उनका जवाब होता है, इसकी जानकारी बैंक से मिल सकती है। बैंक में पूछने पर कहा जाता है, सब्सिडी के बारे में हम कुछ नहीं बता सकते हैं, जब सब्सिडी आती है तो खाते में जमा हो जाती है, नहीं आती है तो हम इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### चयन सूची पर मंगाई गई दावा-आपत्ति

**रायपुर।** आबकारी आरक्षक पद के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा के अंतर्गत जारी मेरिट सूची के आधार पर विभाग द्वारा दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक मापदण्ड की प्रक्रिया पूरी करने के बाद मुख्य सूची एवं अनुपूरक सूची जारी कर चयन परिणाम घोषित किया है। जारी सूचना के अनुसार चयन परिणाम में अंक, टंकण, मापदंड या प्रक्रिया संबंधी किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने की स्थिति में व्यापम द्वारा उपलब्ध कराए गए मूल डाटा के आधार पर संशोधन किया जा सकेगा। इसके लिए विभाग ने दावा-आपत्ति मंगाई है। यह दावा-आपत्ति 7 दिन के भीतर कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, वाणिज्यिक कर (जीएसटी) भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर में कार्यालयीन समय पर या विभागीय ईमेल से किया जा सकता है।

### शरारती तत्व ने मंदिर में फेंका पत्थर

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बुढ़ापारा बिजली ऑफिस चौक के पास स्थित मड़ियामाता मंदिर पर किसी शरारती तत्व द्वारा पत्थर फेंकने की घटना सामने आई है। सीसीटीवी फूटेज में एक संदिग्ध दिख रहा है, जिसके ऊपर मंदिर पर पत्थर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। फूटेज में दिख रहे संदिग्ध की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की पड़ताल कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रही है। मंदिर पर पत्थर फेंकने की घटना गुरुवार की है।

### पालतू कुत्ते ने बच्चे को काटा, अपराध दर्ज

रायपुर। टिकरापारा इलाके में लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने घर के बाहर खेल रहे 12 वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया। पालतू कुत्ते ने बच्चे के हाथ और पैर नोंच लिए। सिद्धार्थ गुप्ता (12) के परिजनों ने तुषार यादव के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बच्चे के परिजनों ने पुलिस को बताया कि सिद्धार्थ घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान तुषार का पालतू कुत्ता आक्रामक हो गया और बच्चे पर हमला कर दिया।

## जांच में 13 आरोप निराधार

# आसान नहीं निजी अस्पतालों में आयुष्मान से इलाज, दो साल में 31 को किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के जरिए लोगों को निशुल्क इलाज देने की व्यवस्था सुगम नहीं हो पा रही है। पिछले दो साल में 31 लोगों ने निजी अस्पताल पर योजना के माध्यम से इलाज नहीं करने का आरोप लगाया है। दिलचस्प बात यह है कि विभागीय जांच में 13 मामलों को निराधार मान लिया गया है। इस अवधि में राजधानी के एक बड़े अस्पताल पर जुर्माना लगाया गया और नौ को नोटिस थमाया गया। इतना ही नहीं पिछले साल और बीते महीने में हुई 6 की जांच अब तक पूरी नहीं की जा सकी है।

- एक अस्पताल पर बड़ा जुर्माना, नौ को नोटिस, 6 पर पूरी नहीं हुई जांच

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से प्रदेश की जनता को निजी अस्पतालों में आसानी से इलाज की सुविधा देने की पटरी फिट नहीं बैठ पा रही है। सरकारी अस्पताल में सुविधा नहीं होने पर मरीज निजी अस्पताल की ओर जा रहे हैं, मगर वहां मिलने वाले कटु अनुभव से वे निराश हो रहे। विभागीय आंकड़ों के अनुसार पिछले दो साल में विभिन्न प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने गए 31 लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के पास शिकायत की। उनका एक ही आरोप था कि अस्पतालों द्वारा योजनातंर्गत इलाज से इनकार किया गया है। शिकायत के आधार पर जिला स्तर पर टीम बनाई गई, जांच के बाद 13 को निराधार पाया गया। वहीं राजधानी के एक सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल पर साढ़े पांच लाख से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया था। नौ अस्पतालों में मामले की गंभीरता को देखते हुए नोटिस थमाकर उनसे जवाब मांगा गया। पिछले साल की 6 और इस वर्ष की एक शिकायतों पर जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है।



मोवा के छोटे अस्पताल संदेह के दायरे में, थोक में हुआ पाइल्स-हाइड्रोसिल का इलाज

आयुष्मान का फॉल्स ट्रिगर, छग के निजी अस्पतालों के लिए आफत बनेंगे ओडिशा के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान मामले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के फॉल्स ट्रिगर में आए ओडिशा के मरीजों का जिक्र एक बार फिर ... के निजी अस्पतालों के ... आफत बन सकता है। इस बार ओडिशा के मरीजों के ... इलाके के छोटे अस्पतालों ... थोक में हुए पाइल्स-हाइड्रोसिल जैसे ऑपरेशन संदेह के दायरे में है। ओडिशा सरकार ने आयुष्मान योजना में छत्तीसगढ़ के अस्पतालों में थोक में हुई सर्जरी की जानकारी एनएचए को भेजी थी। इस जानकारी के आधार पर एनएचए के साथ हुई बैठक में मामला उछला था।

केंद्र स्तर पर आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से जुड़े अफसरों ने छत्तीसगढ़ में इस योजना के संचालन की ऑनलाइन बैठक ली थी। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मरीजों को दी जाने वाली इलाज सुविधा पर संतोष जताया गया, मगर ओडिशा से थोक में आकर यहां इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या को संदेह के दायरे में रखा गया। बैठक में बताया गया कि इस बार बड़े नहीं, बल्कि पचास से कम बेड वाले छोटे अस्पतालों में वहां के मरीजों की बड़ी संख्या में बवासीर, हाइड्रोसिल के ऑपरेशन किए गए हैं। साथ ही बताया गया कि मरीज किसी क्षेत्र विशेष से अस्पताल आए हैं, यानी उन्हें कमीशन बेस पर अस्पताल तक पहुंचाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, इसे देखते हुए स्टेट नोडल एजेंसी को अपने स्तर पर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इस मामले में होली के बाद ओडिशा और एसएनए के प्रतिनिधियों के भी छत्तीसगढ़ आने की संभावना है।

काफी संख्या में ओडिशा के मरीज

काफी समय से ओडिशा के मरीज छत्तीसगढ़ के निजी अस्पतालों में आकर अपना इलाज कराते हैं। पूर्व में वहां के बीजू कार्ड के हितग्राहियों का यहां के अस्पतालों में बड़ी-बड़ी बीमारियों का इलाज होता था। इसके बाद आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के हितग्राही भी यहीं के अस्पतालों पर भरोसा जताते हैं। सूत्रों के मुताबिक, योजना के नाम गैरजरूरी इलाज का आरोप पहले और अभी भी लगता रहा है। ग्रामीण अंचलों से मरीजों को यहां के अस्पताल तक पहुंचाने के लिए कमीशन बेस पर एजेंटों के सक्रिय होने की बात सामने आती रही है।

एमबीबीएस डाक्टर कम क्लेम आटो रिजेक्ट में

नए पोर्टल में आयुष्मान स्वास्थ्य योजना की इंपैनल्ड सूची में बने रहने के लिए निजी अस्पतालों द्वारा एमबीबीएस डॉक्टर सहित अन्य मानकों में दी गई अधूरी जानकारी क्लेम आटो रिजेक्ट का कारण बन रही है। कई अस्पतालों द्वारा डॉक्टरों की कम संख्या अथवा दी गई गलत जानकारी की वजह कंप्यूटर का एआई सिस्टम उनके द्वारा किए जाने वाले इलाज के क्लेम रिजेक्ट कर रहा है। नियम के मुताबिक, 20 बेड के पीछे हर वक्त एक डॉक्टर का होना अनिवार्य है. नियम पर बनी संशय की स्थिति के कारण सिस्टम जानकारी को पूर्ण नहीं मान रहा है।

### फाल्स ट्रिगर के मामले भी

वर्तमान में आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से किए जाने वाले इलाज पर केंद्रीय स्तर पर नजर रखी जा रही है। उनके द्वारा समय-समय पर संदेहास्पद क्लेम की जानकारी राज्य नोडल एजेंसी को भेजी जाती है। राज्य और जिलास्तरीय टीम मामले की जांच करने के बाद गलतियां साबित होने पर ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई भी करती है। सूत्रों का कहना है कि हाल ही पड़ोसी राज्यों के मरीजों को यहां लाकर इलाज करने की जानकारियों के आधार पर राजधानी समेत प्रदेश के कुछ अन्य जिलों पर कार्रवाई की तैयारी है।

### गलत जानकारी भी पड़ रही भारी

इधर पिछले दिनों आयुष्मान के नए पोर्टल में चिकित्सक सहित अन्य तरह की जानकारी भरने में कोताही बरतना भारी पड़ रहा है। पोर्टल में उपलब्ध जानकारी और किए जाने वाले क्लेम की भिन्नता के आधार पर इलाज के बाद किए जाने वाले क्लेम आटो रिजेक्ट हो रहे हैं। इस तरह की शिकायत भी अब विभागीय स्तर पर पहुंचने लगी है। कुछ समय पर योजना के पंजीकृत अस्पतालों से मौजूदा डाक्टरों सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ऑनलाइन तरीके से मांगी गई थी। इसके लिए केंद्रीय पर कुछ नियम भी बनाया गया था।

## मौसम बेईमान... राजधानी के साथ प्रदेश के कई हिस्सों में वर्षा, तापमान में बदलाव नहीं



**रायपुर।** गर्मी की शुरुआत के बाद बिगड़े मौसम के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटे में राजधानी समेत प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई। पानी गिरने की वजह से दिन का तापमान बहुत अधिक नहीं चढ़ पाया। शनिवार को राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा रायपुर का पारा 31.8 तक पहुंचा। रविवार से मौसम में बदलाव के साथ थोड़ा सुधार होने की उम्मीद है।

- आज से थोड़ा बदलाव, मौसम में सुधार होने की उम्मीद

सप्ताहभर पहले सामान्य से तीन से चार डिग्री अधिक हो चुका तापमान अभी चार डिग्री नीचे जा चुका है। इसकी वजह से गर्मी का प्रभाव समाप्त हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ आने वाले नमी और अन्य मौसम तंत्रिका के असर से पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश के कई इलाकों में बारिश हुई। शहर में सुबह-सुबह पानी गिरने से मौसम बदला और यहां दिन में तेज धूप प्रभावशील नहीं हो सकी। वहीं पिछले चौबीस घंटे में राज्य के अनेक इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई वहीं बस्तर में इसका प्रभाव काफी ज्यादा रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बस्तर के नानगुर में 5 सेमी. तक बारिश हुई। वहीं जशपुर के बगीचा में 3, मनोरा, सुकमा, तोकपाल में 2-2 सेमी. तथा अन्य इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। राज्य के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि भी हुई जो विभागीय आंकड़ों में नहीं आ पाया। विशेषज्ञों के मुताबिक मौसम में रविवार को बड़ा बदलाव होने की उम्मीद तो नहीं है। सोमवार के बाद तापमान में वृद्धि का दौर शुरू होने की उम्मीद है।

# तस्करों ने बदला तरीका : पहली बार वंदेभारत से गांजा तस्करी 24 किलो गांजा के साथ बिलासपुर की दो युवतियां गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों के माध्यम से गांजा तस्करी के तरीकों में अब बदलाव देखने को मिल रहा है। तस्करी के सरगना अब युवकों के साथ युवतियों को भी इस अवैध गतिविधि में शामिल कर रहे हैं। इतना ही नहीं, संदेह से बचने के लिए सामान्य एक्सप्रेस ट्रेनों के बजाय प्रीमियम ट्रेनों, जैसे वंदे भारत का उपयोग किया जा रहा है। शनिवार को रायपुर में ऐसा ही एक मामला सामने आया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में बिलासपुर की दो युवतियों को गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 24 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई जा रही है। खास बात यह है कि स्थानीय स्तर पर गांजा तस्करी के इस मामले में पहली बार युवतियों की गिरफ्तारी हुई है।

**खास बातें**

- दोनों युवतियां विशाखापट्टनम से गांजा खरीदकर बिलासपुर ले जाने वाली थीं, रायपुर में जांच के बाद गिरफ्तारी



**एजेंसियों को पहले से थी तस्करी की जानकारी :** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों युवतियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और वे पैसों के लालच में इस कार्य में शामिल हुईं। जांच में सामने आया है कि दोनों युवतियां विशाखापट्टनम से गांजा खरीदकर उसे बिलासपुर ले जाने वाली थीं। जांच एजेंसियों से बचने के लिए उन्होंने वंदे भारत ट्रेन का चयन किया, ताकि उन पर किसी को संदेह न हो। हालांकि, एजेंसियों को पहले ही इस तस्करी की सूचना मिल चुकी थी। जैसे ही दोनों रायपुर स्टेशन पर ट्रेन से उतरीं, टीम ने उनके सामान की जांच की। जांच के दौरान उनके बैग से 24 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसके बाद दोनों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया।

### काम पूरा होने पर मिलते 50 हजार रुपये से अधिक

गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार हुईं रीना (तिफरा, बिलासपुर) और नीलम राठौर (तिफरा, बिलासपुर) ने अधिक पैसे कमाने के लालच में इस अवैध काम को चुना। जानकारी के अनुसार, किसी तीसरे व्यक्ति के कहने पर दोनों विशाखापट्टनम गईं और वहां से गांजा लेकर बिलासपुर लाने के लिए तैयार हुईं। सूत्रों के मुताबिक, इस काम के बदले दोनों को 50 हजार रुपये से अधिक की रकम मिलने वाली थी। तस्करी की पूरी योजना उन्हें पहले ही समझा दी गई थी, ताकि वे जांच एजेंसियों से बच सकें। सफर के दौरान दोनों ने पूरी सावधानी बरती। उन्होंने वंदे भारत ट्रेन में यात्रा करते समय अच्छे और सामान्य दिखने वाले कपड़े पहने, ताकि किसी को उन पर संदेह न हो। हालांकि, जांच एजेंसियों को पहले से ही इस तस्करी की सूचना मिल चुकी थी, जिसके चलते रायपुर पहुंचते ही दोनों को पकड़ लिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों युवतियां छात्रा हैं।


## महंगी बाइक पर घूमने के शौक में चोरी, चार गिरफ्तार



**रायपुर।** महंगी बाइक पर घूमने के शौक में बाइक तथा टायर चोरी करने के आरोप में डीडीनगर थाने की पुलिस ने दो नाबालिगों सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने रेहान खान, दीपक सिंह तथा उनके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चोरी की बाइक का टायर खराब होने के बाद एक अन्य बाइक के टायर पार कर अपनी चोरी की गई बाइक में लगाया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो बाइक तथा एक टायर जब्त किया है।

## नशीली दवाओं की सप्लाई करते दो विक्रेता धरे गए

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने की पुलिस ने घूम-घूमकर नशीली दवाओं की सप्लाई करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पौने सात सौ प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की है। नशीली दवा सप्लाई करने के आरोप में पुलिस ने सिद्धू बाघ और रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक बटनदार चाकू के साथ तीन मोबाइल और एक बाइक भी जब्त की है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों द्वारा ओडिशा से प्रतिबंधित दवा लाकर बेची जाती है। पुलिस को चकमा देने आरोपी खिलौने के डिब्बे में छिपाकर प्रतिबंधित दवाएं और टेबलेट बेचते थे।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा, फैंस की बेकरारी बढ़ी



ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं।

लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे। यह शो दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा सकता है, जो इंटरनेशनल स्तर के बड़े म्यूजिक इवेंट्स के लिए जाना जाता है और हजारों दर्शकों की मेजबानी कर सकता है। वहीं, मुंबई में शकीरा 10 अप्रैल को परफॉर्म करेंगी। यह कॉन्सर्ट महालक्ष्मी रेस कॉर्स में आयोजित होगा, जो ओपन-एयर म्यूजिक शो के लिए मशहूर वेन्यू है। टिकट्स की बिक्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स डिस्ट्रिक्ट एप, बुक माय शो और पेटीएम इंसाइडर के जरिए की जा रही है। जहां फैंस को जनरल एडमिशन, वीआईपी और अर्ली-बर्ड पास जैसे ऑप्शन दिए गए हैं। टिकट्स 4 हजार से शुरु हुए हैं जो वीआईपी में 25000 तक जा सकते हैं। अगर ऑफलाइन टिकट बिक्री की घोषणा होती है, तो वे अधिकृत काउंटर या वेन्यू बॉक्स ऑफिस पर इवेंट से पहले उपलब्ध हो सकते हैं। शकीरा का यह टूर न सिर्फ एक म्यूजिकल इवेंट होगा।

### टॉलीवुड

## लंबे इंतजार के बाद 'करुप्पु' होगी रिलीज, सूर्या की एक्शन फिल्म का है इंतजार



सूर्या इस साल अपनी एक्शन से भरपूर फिल्म 'करुप्पु' के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार हैं। आर जे बालाजी ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म मेकर्स ने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'करुप्पु' से सूर्या का एक खास पोस्टर शेयर किया और साथ ही इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठाया। उन्होंने लिखा जो लोग सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' की रिलीज का इंतजार कर रहे थे, वो आ गई है। 'करुप्पु' 14 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म 'करुप्पु' एक वकील की कहानी है, जो किसी देवता के वश में हो जाता है और समाज के कुछ लोगों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ता है। फिल्म में सूर्या के साथ तृषा कृष्णन मुख्य अभिनेत्री के किरदार में हैं। इसमें इंद्रांस, नट्टी सुब्रमण्यम, स्वासिका, शिवदा, अनघा माया रवि, सुप्रीत रेड्डी, योगी बाबू जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। आरजे बालाजी खुद एक छोटी कैमियो भूमिका में दिखेंगे।

सूर्या 'विश्वनाथ एंड संस' में नजर आएंगे। यह फिल्म वेंकी अटलुरी ने बनाई है। इसमें सूर्या मुख्य भूमिका में हैं। यह एक भावुक रोमांटिक ड्रामा है। ममिता बैजू उनके साथ हैं और रवीना टंडन भी महत्वपूर्ण रोल में हैं। यह फिल्म जुलाई 2026 में रिलीज होगी। इसके अलावा 'सूर्या 47' (अस्थायी नाम) में नजर आएंगे। जितु माधवन इसका निर्देशन कर रहे हैं। इसमें नजरिया नाजिम मुख्य भूमिका में हैं और नस्लेन का किरदार भी खास है। फिल्म पर काम शुरू हो चुका है। सिलंबरासन इसमें कैमियो कर सकते हैं।

### भोजपुरी

## गर्दा उड़ा रहा 'किसान बहुरिया' का ट्रेलर, खेती करती दिखीं अंजना



भोजपुरी फिल्म 'किसान बहुरिया' का ट्रेलर रिलीज के बाद से गर्दा उड़ा रहा है। इस पर धड़ाधड़ लाइक्स और व्यूज की बरसात हो रही है। भोजपुरी फिल्म 'किसान बहुरिया' का ट्रेलर बीते दिनों रिलीज हुआ। यह दर्शकों को इतना पसंद आया है कि जबर्दस्त तरीके से ट्रेंड कर रहा है। इस फिल्म में अंजना सिंह और प्रशांत सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म में अंजना किसान बनी नजर आएंगी। फिल्म की कहानी एक मेहनतकश महिला पर आधारित है। फिल्म 'किसान बहुरिया' का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, गदर काट रहा है। आलम यह है कि इसकी व्यूज संख्या दो मिलियन तक पहुंचने के करीब है। अब तक इसे 18 लाख से अधिक दर्शक देख चुके हैं।

इस फिल्म की कहानी पूरी तरह से पारिवारिक है। अंजना सिंह की शादी मानसिक रूप से कमजोर शख्स से हो जाती है। यूं तो वह घर की बड़ी बहू बनकर आती है, मगर घर में हुक्म देवरानी का चलता है। नौबत यहां तक आ जाती है कि बड़ी बहू होने के बावजदू उसे खाने तक को तरसना पड़ता है। ऐसे में वह फैसला लेती खुद खेती करने का। तमाम चुनौतियों को पार कर वह जब खेती करती है और पहली फसल आती है तो मानो दिन ही बदल जाते हैं। सास-ससुर खुश होकर घर की पूरी जिम्मेदारी बड़ी बहू को दे देते हैं। फिल्म 'किसान बहुरिया' का निर्देशन मंजुल ठाकुर ने किया है। यह फिल्म बी4यू भोजपुरी चैनल पर रिलीज हो चुकी है।

### काला जादू

### लाइफ स्टाइल



मार्च में भारी कपड़े दूर करने का सिलसिला शुरू हो जाता है। कोट ज़रूरत से ज़्यादा भारी लगने लगते हैं, और बुने हुए कपड़े कुछ ज़्यादा ही सुरक्षित महसूस होते हैं। समर का मतलब सिर्फ़ हल्के कपड़े पहनना ही नहीं है—बल्कि यह कपड़ों की परतें हटाने और यह फिर से सोचने का समय है कि उनके नीचे क्या है। ऐसे में ब्लैक का जादू फिर एक बार चल रहा है। यूरोपियन फैशन शो में काले रंग के साथ समर ट्रेंड को बयां किया जा रहा है।

## ऑयली स्किन वालों को ऐसे रखना चाहिए अपनी त्वचा का ध्यान

वैसे तो गर्मियों का मौसम अपने साथ ढेरों परेशानियां लेकर आता है, लेकिन ये परेशानियां सबसे ज्यादा उन लोगों के सामने आती हैं, जिनकी त्वचा ऑयली होती है। तैलीय त्वचा वाले लोगों को गर्मी में मुंहासों और एक्ने से संबंधित दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए वो तमाम नुस्खे आजमाते हैं, लेकिन फायदा नहीं मिलता है। यदि आपकी त्वचा भी तैलीय है तो बिना सोचे हमारा बताया स्किन केयर रूटीन फॉलो करें। हमारे बताए स्किन केयर रूटीन से आपकी त्वचा खिल उठेगी। ये स्किन केयर टिप्स खासतौर पर गर्मी के मौसम में आपके काम आएंगे।

### दिन में दो बार चेहरा धोना है जरूरी

यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो दिन में कम से कम दो बार अपने चेहरे को साफ करें। इसके लिए अच्छी क्वालिटी के क्लींजर का इस्तेमाल करें। ये आपके चेहरे की डीप क्लींजिंग करेगा और उसकी गंदगी को साफ करेगा।



### टोनर रखेगा त्वचा को फ्रेश

इस भीषण गर्मी में त्वचा को फ्रेश रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप टोनर इस्तेमाल कर सकते हैं। टोनर खरीदना नहीं चाहते हैं तो आप उसकी जगह गुलाब जल भी इस्तेमाल कर सकते हैं, इससे भी त्वचा के पोर्स टाइट होते हैं।

### मॉइश्चराइजर होना चाहिए हल्का

यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो हमेशा हल्का मॉइश्चराइजर ही इस्तेमाल करें। ज्यादा ऑयल बेस्ड मॉइश्चराइजर आपकी त्वचा के पोर्स को ब्लॉक कर देगा। इसकी वजह से आपको पिंपल्स जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### सनस्क्रीन लगाना न भूलें

गर्मियों में सनस्क्रीन बेहद जरूरी है। यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो अपने लिए नॉन-कॉमेडोजेनिक, ऑयल-फ्री और मैटिफाइंग सनस्क्रीन चुनें, ताकि यह चेहरे को चिपचिपा न बनाए और टैनिंग से भी बचाए।

### हफ्ते में दो बार करें स्क्रब का इस्तेमाल

ऑयली त्वचा वाले लोगों को कम से कम हफ्ते में दो बार सैलिसिलिक एसिड या टी ट्री ऑयल युक्त स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए।

## इस नवरात्र खूब जंचेगी कांजीवरम की साड़ी, आजमाइए इनकी स्टाइल



इस नवरात्र पर लोग भक्तिभाव से मां की आराधना में जुटे हैं। ऐसे में आप को बाहर निकलना हो या नवरात्र से जुड़े किसी आयोजन में जाना है तो अपने कलेक्शन में एक कांजीवरम साड़ी अवश्य रख लें। ये आपको ससुराल में एकदम अलग दिखने में मदद करेगी। नवरात्रि के पावन अवसर पर कांजीवरम साड़ी पारंपरिक भव्यता, जीवंत रंगों और सुनहरी ज़री के काम के कारण एकदम सही विकल्प है। यह पूजा और गरबा दोनों के लिए उत्तम है। इस साल आप रोज़ गोल्ड टिश्यू सिल्क, रॉयल ब्लू, या चमकीले नारंगी रंगों की कांजीवरम पहनकर ग्रेसफुल लुक पा सकती हैं।





साड़ियों का जिक्र जब भी होता है तो उसमें सिल्क की साड़ी का नाम सबसे ऊपर आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सिल्क की साड़ी को किसी भी इवेंट में पहना जाए वो हमेशा रॉयल लुक देती हैं। खासतौर पर शादी-विवाह में सिल्क की साड़ी पहनकर अंदाज सबसे अलग दिखता है। यदि आप भी साड़ी खरीदने का सोच रही हैं तो कांजीवरम साड़ी को अपने कलेक्शन में शामिल करें। यहां हम आपको कुछ अभिनेत्रियों के लुक्स दिखाने जा रहे हैं जिनसे टिप्स लेकर आप भी अपने लिए कांजीवरम साड़ी खरीद सकती हैं

### कीर्ति शेट्टी

मशहूर साउथ एक्ट्रेस कीर्ति शेट्टी का ये गोल्डन कलर की सिल्क कांजीवरम लुक देखने में कमाल का है। इस रंग की साड़ी आप भी अपने कलेक्शन में शामिल करें। चटक रंगों के बीच ये हल्का रंग आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। ऐसी साड़ी पहनते समय अपने मेकअप को हाइलाइट करें और बालों में गजरा लगाएं।

## हल्दी की रस्म में पहनेंगी फूलों वाली ज्वेलरी तो घरवालों को उतारनी पड़ जाएगी नजर

यदि आपकी भी शादी होने वाली है तो आपने भी तैयारी शुरू कर दी होगी। वैसे तो हल्दी में दुल्हनें अक्सर नकली फूलों वाली ज्वेलरी पहनती हैं, लेकिन यदि आप असली फूलों की ज्वेलरी कैरी करना चाहती हैं तो हम आपको इसके कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं।

**मोगरा:** यदि आप अपनी ज्वेलरी को हल्का ही रखना चाहती हैं तो ताजा मोगरा से इसे तैयार कराएं। मोगरा के फूलों का बना मांगटीका, गले का नेकपीस और हथफूल आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। इसका चयन भी तभी करें, जब आप पीले रंग का आउटफिट ही कैरी कर रहे हैं। पीले रंग के आउटफिट के साथ मोगरा के सफेद फूल काफी हाइलाइट होंगे।

**ऑर्किड :** अपने हल्दी लुक को थोड़ा वेस्टर्न टच देना है तो ऑर्किड के फूलों से बनीं ज्वेलरी का चयन करें। ऑर्किड के फूल देखने में काफी खूबसूरत लगते हैं। ऑर्किड के फूलों से बना नेकपीस, हथफूल, मांगटीका और पैरों की पायल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। इसके अलावा पीले रंग के आउटफिट के साथ इसका लुक सबसे अलग ही दिखेगा।



**मोगरा और गुलाब की ज्वेलरी:** यदि आप एलिगेंट सा लुक कैरी करना चाहती हैं तो मोगरा और गुलाब के कॉम्बिनेशन वाली ज्वेलरी अपनी हल्दी की रस्म मे पहनें। इन दोनों फूलों से बनें हथफूल और मांगटीका देखने में काफी खूबसूरत लगते हैं। लाल गुलाब के बीच-बीच में जब सफेद मोगरा दिखेगा तो ये तस्वीरों में भी खूब प्यारा दिखेगा। इस ज्वेलरी के साथ हल्दी में पीले रंग का ही आउटफिट कैरी करें, तभी ये खिलकर सामने आएगा।

**गुलाब और बेबी ब्रेथ:** यदि आप गुलाब के साथ मोगरा इस्तेमाल नहीं करना चाहती हैं तो बेबी ब्रेथ फूलों का इस्तेमाल करें।

## 30 की उम्र के बाद इन तरीकों से रखना चाहिए बालों का ध्यान

एक उम्र के बाद जिस तरह से खान-पान बदल जाता है, ठीक वैसे ही स्किन केयर और हेयर केयर का तरीका भी बदल जाता है। लेकिन ज्यादातर लोग आज भी इस बात से अनजान हैं। दरअसल, 30 की उम्र के बाद शरीर में काफी बदलाव आते हैं। इसलिए अपने बालों और त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए।

त्वचा का ध्यान तो लोग रख लेते हैं, लेकिन वो अक्सर अपने बालों का ध्यान रखना भूल जाते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं तो हम आपको आज यहां 30 की उम्र के बाद बालों का ध्यान कैसे रखा जाए इस बारे में बताने जा रहे हैं।

### बालों की मसाज है जरूरी

बढ़ती उम्र के साथ हफ्ते में कम से कम दो बार हर किसी को अपने बालों की मसाज करनी चाहिए। मसाज के लिए जो भी तेल आपको सूट करता हो, उसे हल्का सा गर्म करें और फिर जड़ों से लेकर बालों के छोर में इसे लगाएं। तेल लगाने के 2 घंटे बाद ही बाल धोएं, ताकि स्कैल्प को नमी और पोषण मिले। इसे



रातभर ऐसे ही न रहने दें।

### हेयर टाइप के हिसाब से शैंपू खरीदें

एक उम्र के बाद जो भी शैंपू बालों में इस्तेमाल करें, वो आपके हेयर टाइप का ही होना चाहिए। यदि आप गलत शैंपू का इस्तेमाल करेंगे तो इससे न सिर्फ तगड़ा हेयर फॉल होगा, बल्कि बाल बेजान होने लगेंगे। इसके साथ बालों से संबंधित अन्य परेशानियां भी आपको होंगी।

### कंडीशनर है जरूरी

बालों की नमी को बरकरार रखने के लिए कंडीशनर का इस्तेमाल करना काफी जरूरी होता है।

### कार्नर न्यूज

### शादी के दिन सबसे अलग नजर आना चाहिए दूल्हा

## दुल्हन के साथ-साथ होने वाले दूल्हों को भी रखना चाहिए अपने रंग-रूप का खास ध्यान

दुल्हनों के साथ-साथ हर होने वाले दूल्हे को भी अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए, ताकि शादी के दिन उनके चेहरे पर थकान न रहे। शादी की तारीख पास आते ही होने वाली दुल्हनें पार्लर में पूरा ब्राइडल पैकेज बुक करा लेती हैं। इस ब्राइडल पैकेज में उनके कई फेशियल होते हैं, ताकि शादी के दिन उनका चेहरा सबसे खिला हुआ और खूबसूरत दिखे। लेकिन होने वाले दूल्हे इन चक्करों में नहीं पड़ते। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए।

जब शादी का दिन दूल्हा और दुल्हन दोनों के लिए खास है तो स्किन केयर सिर्फ दुल्हनें ही क्यों कराएं। यदि आप होने वाले दूल्हे हैं तो घर पर ही अपनी त्वचा का खास ध्यान रखें। कुछ टिप्स अपनाकर आप घर पर ही सही स्किन केयर रूटीन फॉलो कर सकते हैं। आइए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं, जिन्हें होने वाले दूल्हों को फॉलो करना चाहिए।

### दिन में दो बार क्लींजिंग

यदि आपकी शादी की तारीख निकट आ रह है तो आप भी दिन में दो बार



चेहरे की क्लींजिंग करना शुरू कर दें। दिन में दो बार क्लींजिंग करने से आपका चेहरा अच्छी तरह से साफ हो जाएगा। चेहरा साफ करने के बाद चेहरे पर अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर और टोनर का इस्तेमाल करें, ताकि आपका चेहरा खिल उठे।

### सनस्क्रीन का इस्तेमाल न भूलें

धूप तेज पड़ने लगी है। इस धूप के हानिकारक प्रभाव से बचने के लिए अपने चेहरे, हाथ और पैर पर कम से कम 50 एसपीएफ की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। सही सनस्क्रीन के इस्तेमाल से आपकी त्वचा खतरनाक यूवी किरणों से बची रहेगी।

### स्क्रब है जरूरी

अक्सर लड़के इस डाउट में होते हैं कि उन्हें किसी तरह के स्क्रब की जरूरत नहीं है। जबकि ऐसा नहीं है। लड़कों को स्क्रब की खास जरूरत रहती है, क्योंकि लड़कों की त्वचा काफी हार्ड होती है और सही स्क्रब के इस्तेमाल से लड़कों का चेहरा खिल जाता है। स्क्रब की मदद से आप भी अपने चेहरे की डीप क्लींजिंग कर सकते हैं।

### फेस पैक लगाएं

बाजार में हर स्किन टाइप के हिसाब से फेस पैक मिलते हैं। ऐसे में आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से फेस पैक खरीदें और इसका इस्तेमाल करें। यदि आप स्किन टाइप के हिसाब से फेस पैक का इस्तेमाल करेंगे तो शादी के दिन आपका चेहरा खिला-खिला रहेगा। हफ्ते में दो बार सही फेस पैक का इस्तेमाल करें।

